**आज का मौसम**

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

33.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- कांग्रेस पार्टी के जोनल कोऑर्डिनेटर और पूर्व सीएलपी नेता प्रदीप माथुर की बैठकउपजा प्रेस क्लब में दोपहर 2 बजे।
- श्री झूलेलाल ट्रस्ट की ओर से सिंधु नगर में स्थित श्री झूलेलाल मन्दिर में सिन्धी भजन डांडिया एवं सिन्धी संगीत कार्यक्रम शाम 6 बजे।
- माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में तुलसी जयंती समारोह पर हरि नाम संकीर्तन शाम 7 बजे।
- बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में श्री रामचरितमानस कथा शाम 5 बजे।
- बाबा महाकाल पालकी सेवा ट्रस्ट द्वारा मंदिर सेठ गिरधारी लाल श्यामगंज में रुद्राभिषेक शाम 6 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में कथक की एक शाम रिमझिम गिरे सावन का आयोजन शाम 5 :15 बजे।
- मानव सेवा क्लब के तत्वाधान में स्थापना दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह रोटी भवन में शाम 6 बजे।
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के तत्वाधान में भारतीय समाज में गुरु का स्थान विषय पर एक विचार गोष्ठी सरस्वती विद्या मंदिर बृजलोक कॉलोनी में सुबह 11 बजे।

# त्योहारों से पहले दोगुने हुए किशमिश और गोले के दाम

## अगस्त में है रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, आवक कम होने से मेवा के दामों में हो रही वृद्धि, राखी बाजार भी सजने लगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार अगले महीना है, लेकिन इससे पहले ही किशमिश और गोले के दाम दोगुने हो गए हैं। इसके पीछे दुकानदार आयात और निर्यात की समस्याओं के साथ इनकी मांग बढ़ना बता रहे हैं।

थोक व्यापारियों के अनुसार अभी से फुटकर विक्रेता अपने आर्डर बुक करा रहे हैं। एक महीने पहले किशमिश के रेट 200 से 225 रुपये किलो थे, अब 450 से 525 रुपये पहुंच गए हैं। प्रति किलो गोला के रेट 180 से बढ़कर 350 रुपये से अधिक हो गए हैं। व्यापारियों के अनुसार किशमिश का उत्पादन अंगूर की पैदावार पर निर्भर करता है। शहर में किशमिश की आवक महाराष्ट्र के नासिक से होती है। वहां इस बार पैदावार कम होने से आवक कम पहले से ही थी। वहीं, इस बीच मांग बढ़ने से दामों में वृद्धि हो गई। जिले में गोला और नारियल की आपूर्ति कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल से होती है। केरल में इस बार नारियल की फसल काफी हद तक खराब हुई है। वहीं, बाजार में राखी की अस्थाई दुकानें सजने लगी हैं। हालांकि, अभी रक्षाबंधन त्योहार दूर है।



बाजार में एक दुकान पर बिक्री के लिए रखे मेवे। ● अमृत विचार



बाजार में सज गईं राखी की दुकानें।

### काजू और मुनक्का के दाम में भी उछाल

मेवा के थोक दाम की बात करें तो बादाम के दाम में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। पहले प्रति किलो 750 से 770 रुपये था, अब 800 रुपये है। काजू पहले प्रति किलो 900 रुपये में बिक रहा था, अब 1000 से 1050 में मिल रहा है। मुनक्का पर प्रति किलो 100 रुपये बढ़ गए हैं। पहले 475 से 500 रुपये में जो मुनक्का था, वह अब 550 से 600 रुपये में मिल रहा है। मखाने की कीमतों में कोई अंतर नहीं है। 1150 से 1200 रुपये किलो में बाजार में बिक रहा है।

"मेवा के दाम वैसे तो घटते और बढ़ते रहते हैं, लेकिन, इस बार किशमिश और गोले के दाम में अधिक वृद्धि देखने को मिल रही है। 40 दिन में ही भाव दोगुने तक हो गए हैं। जबकि अन्य मेवा के भाव में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है।
**- प्रकाश मौर्य,** थोक किराना कारोबारी, पुराना शहर

"करीब डेढ़ माह से मेवा के दाम में उछाल है। किशमिश और गोला के भाव दोगुने होने पर कुछ व्यापारी, जिनके पास पहले से स्टाक है, वे मुनाफाखोरी में लगे हैं, जो त्योहार नजदीक आते ही इसका भरपूर लाभ उठाएंगे।
**- रवि,** थोक किराना कारोबारी, शहामतगंज

## बिल सही कराने के नाम पर मांगे पैसे

- **मुख्य अभियंता कार्यालय में की शिकायत कार्रवाई की मांग**

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के तिलियापुर गांव निवासी दिलदार खां ने मुख्य अभियंता कार्यालय में शिकायत करते हुए बताया कि उसने घरेलू कनेक्शन का बिल 1 मई 2024 को जमा किया था।

लेकिन उसके बाद 3 अगस्त 2024 को उसका बिल 24 हजार रुपये आ गया। 18 जुलाई 2025 को वह फतेहगंज पश्चिमी स्थित एसडीओ कार्यालय पर। आरोप है कि कार्यालय में बैठे एक युवक ने खुद को बाबू बताया। उसने बिल सही करने के नाम पर 31 हजार रुपये मांगे। पीड़ित ने पैसे मांगने वाले पर कार्रवाई की मांग की है।

## सोलर सिस्टम लगाकर शुरू नहीं किया, वेंडर के खिलाफ हो कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** सोलर सिस्टम लगवाने वाले वेंडर ने पैनल लगवाने के नाम पर पैसे ले लिए। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पैनल शुरू नहीं कराया। गोल्डन ग्रीन पार्क निवासी ऋषिपाल ने बताया कि तीन किलोवाट का सोलर सिस्टम लगवाने के लिए पांच मई 2025 को एलटाइन इनर्जी से जुड़े एक व्यक्ति से पैनल लगवाने की बात कही। जिस पर उसने खुद को यूपी नेडा से अप्रूव्ड वेंडर बताया। जिसके बाद उसने बैंक से नौ मई को लोन कराकर रुपये दिए थे। वेंडर ने एक माह में सोलर चालू कराने का आश्वासन दिया। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी सोलर शुरू नहीं हो सका है। पीड़ित ने यूपी नेडा के अफसरों से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# साउथ सिटी ट्रांसमिशन अब तक शुरू नहीं

## अधिकारी लंबे समय से जल्द शुरू कराने का दे रहे हैं आश्वासन, लोग बिजली संकट से हो रहे हैं परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गर्मी में लोग परेशान हैं लेकिन अब तक अधिकारी बदायूं रोड स्थित साउथ सिटी में बने 220/33 केवी ट्रांसमिशन सबस्टेशन को शुरू नहीं करा सके। इसका खामियाजा 50 हजार से अधिक उपभोक्ता झेल रहे हैं। एक-एक मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता ट्रांसमिशन को शुरू कराने का दावा करके ट्रांसफर होकर चले गए। दो माह पहले वर्तमान में तैनात मुख्य अभियंता ने ट्रांसमिशन का निरीक्षण कर जल्द शुरू कराने का दावा किया था, लेकिन वह भी शुरू नहीं करा सके।

बदायूं रोड के साउथ सिटी में 72. 4 करोड़ की लागत से 220/33 केवी ट्रांसमिशन सब स्टेशन का निर्माण पिछले साल पूरा हो चुका है। नए ट्रांसमिशन का निर्माण शहर के सुभाषनगर, किला और मढ़ीनाथ सबस्टेशन पर बिजली आपूर्ति देने के लिए कराया गया था। अब तक सुभाषनगर, परसाखेड़ा, मढ़ीनाथ में शहर से 15 किलोमीटर दूर परसाखेड़ा से 33 केवी की लाइन आती है।

जिसके चलते लाइन में छोटा फॉल्ट होने पर भी इन सबस्टेशनों पर घंटों कटौती की जाती है। गर्मियों के इस सीजन सबसे ज्यादा समस्या इन्हीं सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्र में रही, जबकि साउथ सिटी ट्रांसमिशन इन तीनों सबस्टेशनों की दूरी 7 से 8 किलोमीटर की है। अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मढ़ीनाथ में नए ट्रांसमिशन से बिजली आपूर्ति को शुरू करा दिया गया है, जबकि किला और सुभाषनगर को भी जल्द ही जोड़ दिया जाएगा।



बदायूं रोड स्थित साउथ सिटी में बनाया गया ट्रांसमिशन सब स्टेशन। ● अमृत विचार

- **परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट होने से किला और सुभाषनगर में हो रही दिक्कत**

### लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से जूझे शहरवासी

**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार को शहर के कई इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग के साथ वोल्टेज और फेस नहीं आने की समस्या बनी रही। कुतुबखाना की खोयामंडी, कुमार टाकीज, बाग बृगटान में फेस नहीं आने की समस्या रही। वहीं शाहदाना सबस्टेशन के रबड़ी टोला और गंगापुर में लोकल फाल्ट से बिजली का संकट रहा। वनखंडीनाथ फीडर पर शनिवार की दोपहर को 11 हजार की लाइन पर पेड़ की टहनिया आने से ट्रिपिंग की समस्या हुई। इसके बाद अधिकारियों ने एक घंटे का शटडाउन लेकर समस्या का समाधान कराया। रामपुर गार्डन, सिविल लाइंस में भी ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या रही। मिशन कंपाउंड क्षेत्र में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक फेस नहीं आया। किला, सीबीगंज, सुभाषनगर, और डेलापीर से जुड़े इलाकों में ट्रिपिंग की समस्या रही। डेलापीर और राजेन्द्रनगर में 33 केवी लाइन फेल होने से करीब पांच घंटे की बिजली कटौती की गई।

### 20 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर प्री-पेड में बदले

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में इन दिनों स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के मकान और दुकान पर लगाए जा चुके हैं। पिछले कुछ दिनों से स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता अचानक से बिजली बंद होने से परेशान हो गए। जिसके बाद अब सामने आया है कि मुख्यालय की तरफ से पोस्ट पेड स्मार्ट मीटरों को प्री-पेड में बदला जा रहा है। जिसके तहत अब उपभोक्ताओं को मोबाइल सिम की तरह रिचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि अब तक करीब 24 हजार स्मार्ट मीटर प्री-पेड में बदले जा चुके हैं। इस दिशा में लगातार काम हो रहा है।

## कटिया पकड़ने पर टीम से मारपीट, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र में कटिया पकड़ने से नाराज उपभोक्ता ने बिजली विभाग की टीम से अभद्रता कर मारपीट की। जेई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जेई सुनील कुमार ने बताया कि 18 जुलाई को किला विद्युत उपकेंद्र पर शिविर का आयोजन किया गया था। क्षेत्र में बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान खन्नू मोहल्ला भुर्जी वाली गली निवासी काके के घर में मीटर के अतिरिक्त एक तार खंभे से जोड़ा गया था। वीडियोग्राफी करने पर बिजली विभाग की टीम से अभद्रता करते हुए मारपीट की और पुलिस से भी निपटने की धमकी दी।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
8077344353 समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली







## आरपीएफ ने एस्केलेटर के पास खड़े वाहन हटाए

**बरेली, अमृत विचार:** डीआरएम आरके सिंह के निरीक्षण के दौरान निर्देश के बाद शनिवार को आरपीएफ ने सख्ती की और एक्सेलेटर के पास वाहनों को खड़ा नहीं होने दिया।

डीआरएम शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म, पार्किंग और एस्केलेटर के आसपास की अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि कोई भी निजी या ऑटो वाहन खड़ा न हो और यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। शनिवार को आरपीएफ ने निर्देश का सख्ती से पालन करते हुए एस्केलेटर आसपास घूमने या रुकने वाले सभी वाहनों को हटवाया और चालान भी काटे।

# ठेकेदार पर 10.87 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, 52 पाइप किए जब्त

- **झूलेलाल द्वार से केके अस्पताल मार्ग पर बिना अनुमति सड़क की खुदाई का मामला**
- **नगर निगम के एक्सईएन ने विद्युत विभाग के एक्सईएन को लिखा पत्र**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** झूलेलाल द्वार से केके अस्पताल मार्ग पर बिना अनुमति सड़क की खुदाई कर बिजली के तार डालने के मामले में नगर निगम ने ठेकेदार पर 10.87 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा मौके से 52 पाइप जब्त किए हैं। नगर निगम के एक्सईएन ने विद्युत विभाग के एक्सईएन को जुर्माना की राशि डीडी के माध्यम से तत्काल नगर निगम कोष में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

शहर में जगह-जगह विकास कार्य हो रहे हैं। इसके लिए सड़कें खोदी जा रही हैं जिससे आए दिन पेयजल और सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है।

गुरुवार को झूलेलाल द्वार से केके अस्पताल मार्ग पर खुदाई के दौरान पेयजल, सीवर लाइन टूटने से नाराज स्थानीय लोगों ने काम रुकवा दिया था। आरोप था कि सरकारी विभागों के बीच तालमेल न होने की वजह से जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर निगम के एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने बताया कि झूलेलाल द्वार से केके अस्पताल मार्ग पर बिजली लाइन बिछाने के लिए बिना अनुमति के सड़क की खुदाई कर दी गई थी।

अवर अभियंता को मौके पर भेजकर जांच कराई तो पता चला कि ठेकेदार ने बिना अनुमति रोड कटिंग कर सड़क पर गड्ढे कर दिए। नुकसान का आकलन कराया गया, जिसके बाद रोड कटिंग चार्जेज के साथ तीन गुना अर्थ दंड लगाते हुए 10.87 लाख रुपये जमा करने को विद्युत विभाग के एक्सईएन को पत्र लिखा है।

# बरेली बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य और सचिव पद पर 22 को मतदान

- **सचिव पद पर 13 और कार्यकारिणी सदस्य के एक पद पर 2 प्रत्याशी चुनाव मैदान में**
- **उप चुनाव में 2234 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग करेंगे, 23 को होगी मतगणना**

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली बार एसोसिएशन के सचिव और वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के एक पद पर मध्य अवधि चुनाव 22 जुलाई को होगा। 23 जुलाई को मतगणना होगी। शनिवार को चुनाव मंडल ने बार सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी।

सचिव पद पर 13 और कार्यकारिणी सदस्य के एक पद पर 2 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए सीसीटीवी की निगरानी में मतदान और मतगणना होगी, इसके अलावा पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहेगा।

मुख्य चुनाव अधिकारी अश्वनी कुमार राना एडवोकेट ने बताया कि उप चुनाव में 2234 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। दोपहर 1:30 बजे से 2 बजे तक भोजन अवकाश रहेगा। मतदान के लिए छह बूथ बनाए जा रहे हैं। पांच बूथों पर 400-400 वकील अपने मत का प्रयोग करेंगे। छठे बूथ पर 334 अधिवक्ता अपना मतदान कर सकेंगे। मतदान के बाद मत पेटियां सील कर सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी।

मतदान के लिए सभी अधिवक्ताओं को सीओपी कार्ड दिखाना जरूरी होगा। 23 जुलाई को मतगणना दोपहर 12 बजे शुरू होगी और परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगी। शांतिपूर्ण मतदान और मतगणना करवाने के लिए सभी प्रत्याशियों, एजेंटों व समर्थकों से चुनाव मंडल ने अनुरोध किया है। साथ ही मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार का शस्त्र लाना सख्त रूप से प्रतिबंधित किया है।

इस दौरान चुनाव अधिकारी विशम्भर कुमार आनन्द, राकेश कुमार सक्सेना, प्रदीप कुमार आजाद, रूप राम राना, आनंद कुमार रस्तोगी, मो. जुबैर अमजद, अमजद सलीम एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।




बार चुनाव के बारे में जानकारी देते चुनाव अधिकारी। ● अमृत विचार

## मेगा कैंप में 200 से अधिक बिजली बिल सही किए

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग की तरफ से इन दिनों मेगा कैंप लगाकर गलत बिल सही किए जा रहे हैं। शनिवार को फतेहगंज पश्चिमी, नवाबगंज, फरीदपुर, कांधरपुर, बहेड़ी ग्रामीण, देवरनिया, आंवला, किला, हरुनगला, जगतपुर सबस्टेशन पर मेगा कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें 666 शिकायतें पहुंचीं, जिसमें 425 का मौके पर निस्तारण किया गया।

214 गलत बिल संशोधित किए गए। 4 नए बिजली कनेक्शन दिए गए। 107 उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया गया। 2699 उपभोक्ताओं से 80 लाख का बकाया बिल जमा कराया गया। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि 21 और 22 जुलाई को भी मेगा कैंप आयोजित करके उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान कराया जाएगा।

अफसर मेगा कैंप का निरीक्षण भी कर रहे हैं। मौके पर ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है, ताकि उन्हें परेशान न होना पड़े।

# एक्सपोर्ट फैक्ट्री कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की रिपोर्ट

## रामगंगा किनारे बेसुध मिला था प्रदीप, इलाज के दौरान हुई मौत, भाई की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मिनी बाईपास पर एक्सपोर्ट फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी रामगंगा किनारे बेसुध हालत में मिला। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। कर्मचारी के भाई ने तीन लोगों पर पैसों के लेनदेन में प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना सुभाषनगर पुलिस ने तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं पुलिस आत्महत्या के एंगल से भी जांच कर रही है।

कैंट थाना क्षेत्र के गांव चौबारी निवासी प्रदीप सिंह (36) के भाई अजय सिंह ने बताया कि प्रदीप मिनी बाईपास स्थित एक एक्सपोर्ट फैक्ट्री में काम करता था। वह शुक्रवार सुबह घर से 7 बजे काम करने के लिए निकला था। फैक्ट्री से शाम 5:30 बजे छुट्टी होने के बाद वह घर नहीं पहुंचा। आरोप है कि रात करीब 8:30 बजे प्रदीप के फोन से उसकी पत्नी गीता सिंह को फोन किया गया। फोन करने वाले ने हंसकर खुद को प्रदीप बताया। इस पर पत्नी ने कहा कि उसके पति से बात कराएं और वह अभी तक घर क्यों नहीं लौटे। इतने में फोन कट गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका से तुरंत प्रदीप की तलाश शुरू की। इस दौरान रामगंगा के पास स्थित एक स्कूल के सामने प्रदीप परिजनों को बेहोशी की हालत में मिला।


प्रदीप (फाइल फोटो)

- **पैसों के लेनदेन में प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया, पुलिस कर रही जांच**

उसका फोन पास में ही जमीन पर पड़ा मिला। साथ ही पास में सल्फास के खाली रैपर भी मिले। परिजनों ने आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को शनिवार को सौंप दिया।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहा था प्रदीप

सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदीप चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके तीन भाई और एक बहन शादीशुदा हैं। प्रदीप को एक आठ साल का बेटा अनुभव और छह साल की बेटी आराध्या है। भाई अजय सिंह चौहान के मुताबिक प्रदीप का भारत सिंह निवासी चौबारी से पैसों का लेनदेन चल रहा था। भारत सिंह प्रदीप को पैसे को लेकर प्रताड़ित करता था। इसी से क्षुब्ध होकर प्रदीप ने आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने भारत सिंह, श्यामु समेत तीन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि प्रदीप आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। कई महीनों से बच्चों का फीस भी जमा नहीं हुई थी। चर्चा है कि वह मोबाइल से ऑनलाइन जुआ खेलता था। जिसमें काफी रुपये हार भी गया था।






## किराएदार ने पकड़ा हाथ तो युवती ने खाया जहर, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में किराएदार ने मकान मालकिन युवती का हाथ पकड़ लिया। जब मालकिन ने विरोध किया तो किराएदार और उसकी पत्नी ने उसके साथ जमकर मारपीट की। परेशान युवती ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- **किराएदार और उसकी पत्नी पर मारपीट का आरोप**

युवती ने बताया कि वह शुक्रवार को अपनी मिठाई की दुकान पर बैठी थी। मकान में किराए पर रहने वाला नसीम गलत नजर रखता है। नसीम घर का सामान लेने आया तो उसने हाथ पकड़ लिया। इसके बाद गलत जगह हाथ मारने लगा। नसीम की पत्नी को आवाज दी तो दोनों ने मिलकर मारपीट की। इस घटना से आहत होकर युवती ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। पुलिस ने युवती की तहरीर पर किराएदार दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बंच केबल डालते समय पोल गिरने से सेवानिवृत्त शिक्षक की गई जान

## ग्रामीणों के साथ परिजनों ने काम करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ किया हंगामा

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** नवाबगंज क्षेत्र के गांव खंजनपुर में शनिवार को बंच केबल डालने के दौरान पोल टूटकर गिरने से शिक्षक की मोत हो गई। हादसे के बाद कर्मचारी मौके से भाग गए। परिजनों और ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए मौके पर जमकर हंगामा किया। अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं। परिजनों ने कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

गांव खंजनपुर में आरडीएसएस कंपनी की ओर से खुले तारों को हटाकर बंच केबल डालने का काम किया जा रहा है। शनिवार को बंच केबल डालकर उसे खींचकर टाइट किया जा रहा था लेकिन जर्जर पोल दो हिस्सों में टूट गया। पोल वहां से गुजर रहे सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण लाल (80) पर जा गिरा। सिर पर गहरी चोट आने से वह लहूलुहान हो गए और मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद काम करने वाले कर्मचारी मौके से भाग गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया बैरिकेडिंग और सुरक्षा मानकों का इस्तेमाल किए बगैर कर्मचारी काम कर रहे थे। हंगामे के बाद जेई साबिर खान और मुकेश कुमार ने पहुंचकर मुआवजे का आश्वासन दिया और लोगों को शांत कराया। मृतक नारायण लाल के तीन बेटे रजनेश, ओमपाल, हरपाल और दो बेटियां हैं। हादसे के वक्त दो बेटे कांवड़ लेकर घर से निकले थे और बरेली तक पहुंचे थे। पिता की मौत की सूचना मिलते ही लौट आए। मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


घटनास्थल पर हंगामे के दौरान मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **नवाबगंज के गांव खंजनपुर की घटना, जांच के आदेश**

> आरडीएसएस कंपनी की ओर से बंच केबल डालने का काम किया जा रहा था। कर्मचारियों ने लोगों से उधर से नहीं निकलने को कहा था लेकिन पोल टूटकर गिरने के दौरान एक शख्स की मौत हो गई। कंपनी के अधिकारियों से बात करके परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा।
>
> – ज्ञानेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता

## प्रेम विवाह कर बनाई अश्लील वीडियो फिर दिया तीन तलाक

**बरेली, अमृत विचार:** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में एक युवती से एक युवक ने पहले प्रेम विवाह किया और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर तीन तलाक दे दिया। अब आरोपी अश्लील वीडियो पूरे गांव के लोगों को दिखा रहा है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती के मुताबिक एक साल पहले उसने भिंडौलिया निवासी रिजवान के साथ प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि शादी के कुछ महीनों के बाद दहेज के लिए उसे तीन तलाक दे दिया गया। तलाक लेने के बाद अब आरोपी रिजवान आए दिन परेशान करता है। आरोप है कि साथ रहने के दौरान रिजवान ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। अब पूरे गांव में उसी वीडियो को दिखा रहा है। वह वीडियो को गांव के ही अरबाज और दन्नी के मोबाइल पर भेज कर उसे बदनाम कर रहा है। पुलिस ने पति समेत तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पांचजन्य प्लाई फैक्ट्री में एसआईबी की जांच पूरी

**बरेली, अमृत विचार:** फरीदपुर में पांचजन्य प्लाई एंड बोर्ड फैक्ट्री पर हुई छापेमारी में बड़े पैमाने पर कर चोरी पकड़े जाने की आशंका है। देर रात तक जांच के बाद जीएसटी विभाग की एसआईबी की टीम शनिवार सुबह करीब छह बजे फैक्ट्री से लौटी। टीम अपने साथ फैक्ट्री से कब्जे में लिए गए दस्तावेजों को भी साथ ले गई।

जीएसटी एसआईबी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 के निर्देशन में टीम ने शुक्रवार शाम करीब 4 बजे फरीदपुर में एक चीनी मिल के पास स्थित पांचजन्य प्लाई एंड बोर्ड फैक्ट्री पर छापा मारा था। टीम ने फैक्ट्री में पहुंचते ही कर्मचारियों की आवाजाही भी पूरी तरह से रोक दी थी। टीम ने देर रात तक फैक्ट्री में जांच की। यह फैक्ट्री कारोबारी रवि नेमानी की बताई गई है। टीम ने फैक्ट्री में रखा स्टॉक और उसके रिटर्न का मिलान करने के साथ ही कई अहम जानकारियां जुटाईं। टीम को इनपुट मिला था कि फैक्ट्री में बोगस फर्मों से कच्चा माल खरीदा जा रहा है। टीम ने जांच के दौरान कारोबारी और कर्मचारियों से इसको लेकर जानकारी जुटाई और इससे जुड़े अभिलेख मांगे, जिसमें आधी अधूरी जानकारी दी गई। जीएसटी एसआईबी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 आशीष निरंजन ने बताया कि पांचजन्य प्लाई एंड बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड पर चल रही जांच शनिवार सुबह करीब 6 बजे पूरी हो गई। दस्तावेजों की जांच में टैक्स चोरी करने के साथ ही कई अनियमितताएं मिली हैं। कारोबारी पर कार्रवाई शासन स्तर से होगी। इसकी रिपोर्ट आला अधिकारियों को भेजी गई है।

- **एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 के निर्देशन में फैक्ट्री पर पड़ा था छापा**
- **शनिवार को लौटी टीम, कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी**

# कन्वेंशन सेंटर प्रोजेक्ट में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार को दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बीडीए वीसी मनिकंडन ए ने शनिवार को नवीन कार्यालय में कार्यदायी संस्थाओं और इंजीनियरों के साथ रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान बीडीए के नए कार्यालय भवन, रामायण वाटिका, कन्वेंशन सेंटर, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, लाइब्रेरी, गर्ल्स इंटर कॉलेज और स्काई-वे अपार्टमेंट जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की प्रगति देखी।

बैठक में सत्य साई प्रा. लिमिटेड, मैसर्स जलाकाश, राजीव ट्रेडर्स और मैसर्स सुनील गर्ग सहित विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों को बुलाया गया था। बीडीए कार्यालय भवन की समीक्षा के दौरान ठेकेदार राजीव ट्रेडर्स ने बताया कि बचा हुआ फर्नीचर 10 अगस्त तक पहुंचा दिया जाएगा।

- **बीडीए वीसी ने समीक्षा बैठक में विभिन्न कार्यों की ली जानकारी प्रगति भी देखी**

वहीं, मैसर्स जलाकाश की ओर से ट्रांसफार्मर 20 अगस्त तक स्थापित करने की बात कही गई। स्काई-वे अपार्टमेंट बना रहे मैसर्स सुनील गर्ग ने बताया कि क्लब हाउस का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। फाउंडेशन और सीवरलाइन का काम पूरा हो गया है, अब केवल सैनिटरी कार्य शेष है। कन्वेंशन सेंटर प्रोजेक्ट में लापरवाही बरतने पर बीडीए उपाध्यक्ष ने ठेकेदार को चेतावनी दी और बचे हुए कार्य को 30 अगस्त तक हर हाल में पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। एक्सईएन को कन्वेंशन सेंटर, लाइब्रेरी और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स तैयार होने के बाद एक ही फर्म को संचालन के लिए तय करने के निर्देश दिए। सबसे अधिक फोकस रामायण वाटिका पर रहा। निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि चारों ओर मिट्टी भराई का कार्य पूरा हो चुका है। अब तक 27 म्यूरल्स लगाए जा चुके हैं, शेष 12 रविवार तक लग जाएंगे। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि प्रभु श्रीराम की मूर्ति के आने से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

## पीएम और सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर सपा नेता पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददादा, बरेली

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कैंट विधानसभा इकाई के अध्यक्ष रोहित राजपूत का पीएम और सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। हनुमान दल के मढ़ीनाथ निवासी राजवीर कश्यप की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने सपा नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

राजवीर कश्यप ने बताया कि वीडियो में रोहित यह कहते नजर आ रहे हैं कि वह अपने घर की छत पर भगवा झंडा नहीं लगाता, न ही जय श्रीराम का झंडा फहराता है, दोनों से मुझे चिढ़ें हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने मंच से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपमानजनक शब्द कहकर भी संबोधित किया। यह वीडियो सपा के एक वरिष्ठ नेता के कार्यक्रम का बताया जा रहा है। इस बयान से न केवल उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि इससे समाज में वैमनस्य और टकराव का खतरा भी बढ़ गया है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, साथ ही वायरल वीडियो की जांच कराने के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। वीडियो की पुष्टि होते ही आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- **समाजवादी पार्टी की कैंट विधानसभा इकाई के अध्यक्ष हैं रोहित राजपूत**

# सरकारी आवास किराये पर उठाने वाले पांच कर्मचारियों का आवंटन निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राजेंद्र नगर स्थित पीडब्ल्यूडी की 222 आवासों की तिमंजिला कॉलोनी में रहने वाले कई सरकारी कर्मचारियों ने अपने मकान बनवाने के बावजूद आवास नहीं छोड़े और उन्हें किराये पर उठाकर धनराशि वसूल रहे थे। सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने सत्यापन शुरू कराया और कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों से कई बिंदुओं पर शपथपत्र पर जानकारी मांगी तो पांच कर्मचारियों का कारनामा सामने आया। इन कर्मचारियों के सरकारी आवास का आवंटन निरस्त कर दिया गया है।

कॉलोनी में रहने वाले 21 अन्य कर्मचारियों ने भी शपथपत्र पर अब तक जानकारी नहीं दी है, ऐसे में उनका भी कोई न कोई फर्जीवाड़ा होने का संदेह है। सिटी मजिस्ट्रेट ने इन कर्मचारियों का आवास आवंटन निरस्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल, जिला प्रशासन के पास पूर्व में कई ऐसी शिकायतें पहुंची कि पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में रहने वाले कई कर्मचारियों का ट्रांसफर हो गया लेकिन उन्होंने आवास नहीं छोड़ा। इसी तरह कई कर्मचारियों के मकान बनवाने के बावजूद आवास खाली न करने की शिकायतें पहुंची थीं। इस पर आवासों में रहने वाले कर्मचारियों का सत्यापन शुरू कराया गया। राजेंद्र नगर में पीडब्ल्यूडी की तिमंजिला कॉलोनी में 222 आवास हैं। सरकारी कर्मचारियों की सबसे बड़ी यही कॉलोनी है। कलेक्ट्रेट के नजारत से विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को आवास आवंटित किए जाते हैं। प्रभारी अधिकारी नजारत कलेक्ट्रेट एवं नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने आवासों में रहने वाले कर्मचारियों का सत्यापन शुरू कराया था। कलेक्ट्रेट के सूत्रों ने बताया कि पांच कर्मचारियों ने अपने मकान बनवाने के बावजूद आवास नहीं छोड़े थे। उनके आवास आवंटन निरस्त कर दिया है। 21 के भी निरस्त करने की तैयारी शुरू हो गई है, ताकि जरूरतमंद कर्मचारियों को आवास का आवंटन किया जा सके।

- **अपना अलग मकान बनवाकर रह रहे थे, 21 कर्मचारियों ने भी शपथपत्र पर जानकारी नहीं दी, आवास आवंटन निरस्त की तैयारी**
- **सिटी मजिस्ट्रेट ने राजेंद्र नगर स्थित पीडब्ल्यूडी की 222 आवासों की तिमंजिला कॉलोनी का सत्यापन कराया**

## कंपनी का माल समेत छह लाख लेकर कर्मचारी फरार

**बरेली, अमृत विचार :** एक कंपनी का कर्मचारी अपने भाई के साथ कंपनी के छह लाख रुपये और माल लेकर फरार हो गया। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के आदेश पर थाना बारादरी पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

संजय नगर निवासी कंपनी संचालक राजीव आनंद ने बताया कि मलकपुर बजरिया निवासी अर्जुन गुप्ता ने ग्राहकों से नकद में लाखों रुपये वसूले लेकिन रकम कंपनी के खाते में जमा करने के बजाय निजी खर्च में उड़ा दी। जब कंपनी की आंतरिक जांच हुई तो छह लाख रुपये गायब करने की बात सामने आई। आरोप है कि अर्जुन ने अपने भाई मनोज गुप्ता के साथ मिलकर फर्जी आईडी पर कंपनी से माल मंगाया और उसे खुले बाजार में बेच दिया और पूरी रकम अर्जुन ने हड़प ली। अर्जुन ने शहर में तीन गोदाम किराए पर ले रखे हैं, जहां अब भी कंपनी का गायब किया गया माल छिपा होने की आशंका है। अर्जुन ने ठगी की रकम से एक स्कूटी और थ्री-व्हीलर भी खरीदा है। राजीव आनंद ने बताया कि उन्होंने कई बार अर्जुन से संपर्क करने और भुगतान का मौका देने की कोशिश की, लेकिन अब दोनों भाई फरार हैं।

# तारीख पर आकर बाइक चोरी करने वाले हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मुकदमों की तारीख पर आने के दौरान बाइक चोरी करने वाले गांव बभिया निवासी हिस्ट्रीशीटर संजीव उर्फ लाला और उसके दोस्त भमोरा के कुड़ना शादीपुर निवासी नूर हसन को गिरफ्तार किया है। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की पांच बाइकें बरामद की है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी अमित कुमार पांडे ने बताया कि थाना क्षेत्र से लगातार वाहनों की चोरी होने की शिकायतें मिल रही थी। हाल ही में कोर्ट के आसपास के एरिया से चार बाइकें चोरी हुई थीं। पुलिस टीम शनिवार को चोरों की तलाश कर रही थी। इसी बीच जानकारी हुई कि दो व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिलों को बेचने की फिराक में इस्लामिया ग्राउंड में खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे हैं।

पुलिस टीम ने फौरन पहुंच कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों से चोरी की पांच बाइकें, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस समेत एक चाकू बरामद किया है। बरामद की गई बाइकें चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के जिला अस्पताल, गोयल अस्पताल रामपुर गार्डन, कुतबखाना और सैनिक कल्याण बोर्ड स्टेशन रोड से चोरी की थीं, जबकि एक बाइक शाहजहांपुर के सदर बाजार से चोरी की गई थी। संजीव उर्फ लाला के खिलाफ लूट, डकैती समेत 31 और नूर हसन पर 11 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ बीएनएस 317 (4) की धारा बढ़ाई गई है। कोर्ट के पास से कुछ अधिवक्ताओं की बाइकें भी चोरी हुई हैं। पुलिस इस संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी और बरामद बाइकें। ● अमृत विचार

- **दोनों से चोरी की पांच बाइकें हुईं बरामद, पुलिस ने कोर्ट में पेश कर भेजा जेल**

> पुराने मुकदमे में तारीख के दौरान कोर्ट आने पर बाइकों की चोरी करने वाले हिस्ट्रीशीटर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों की निशानदेही पर चोरी की पांच बाइकें बरामद की गई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।
>
> –आशुतोष शिवम, सीओ प्रथम

### गलत संगत में आने पर करने लगे अपराध

पूछताछ में आरोपी संजीव उर्फ लाला ने बताया कि वह दो भाई है। बड़ा भाई धर्मेन्द्र खेती करता है। उसके पिता का 2020 में निधन हो गया था। उसने गांव मिर्जापुर में कक्षा 2 तक की पढ़ाई की थी। वर्ष 2009 से वह गलत संगत में पड़कर लूट, डकैती और वाहन चोरी करने लगा। नूर हसन ने बताया कि वह अनपढ़ है। उसके चार भाई और दो बहनें हैं, जिसमें से दो भाइयों और पिता की मौत हो चुकी है।

## जंक्शन पर अमृत भारत एक्सप्रेस का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मोतिहारी से आनंद विहार टर्मिनल तक चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस शनिवार तड़के 3:45 बजे पहली बार बरेली जंक्शन पर पहुंची। रेल अफसरों व कर्मचारियों ने ट्रेन स्टाफ व यात्रियों का स्वागत किया। यात्रियों ने भी इस सेवा की शुरुआत पर खुशी जताई।

अमृत भारत एक्सप्रेस को भारतीय रेलवे की भविष्य की योजनाओं का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य अधिकतम यात्रियों को कम खर्च में बेहतर यात्रा सुविधा देना है। यह ट्रेन पूरी तरह नॉन-एसी है। इसमें स्लीपर व जनरल श्रेणी के कोच शामिल हैं। खास बात है कि इस ट्रेन में आरक्षण की अनिवार्यता नहीं है। यानी यात्री बिना रिजर्वेशन टिकट के भी इसमें यात्रा कर सकते हैं। जंक्शन पर स्टेशन अधीक्षक, सीएमआई आदि ने ट्रेन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यात्रियों से फीडबैक लिया। यात्रियों ने बताया कि सीटें अधिक होने के कारण भीड़ के बावजूद सफर अपेक्षाकृत आरामदायक रहा।इस ट्रेन में एलएचबी कोचों का इस्तेमाल किया गया है, जो सामान्य ट्रेनों की तुलना में अधिक सुरक्षित और आरामदायक माने जाते हैं। ट्रेन में कुल 22 कोच हैं, जिनमें 12 जनरल, 8 स्लीपर और 2 गार्ड कोच शामिल हैं।


अमृत भारत एक्सप्रेस में सवार यात्रियों का स्वागत करते रेल अफसर।

- **अफसरों ने व्यवस्थाओं को परखा और यात्रियों से फीडबैक लिया**

## बुजुर्ग और बेटे पर हमला, नौ पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र के मुरावपुरा मोहल्ले में शुक्रवार एक बुजुर्ग और उसके बेटे की दबंगों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जमकर पिटाई की। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हुकुम सिंह ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह 11 बजे घर से बाहर निकले तभी मोहल्ले के ही प्रमोद सैनी, सुमित, अमित, आकाश, संध्या, सोनू, दीपक, राहुल और मनोज ने उन पर अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले उन्हें पीटा, फिर शोर सुनकर पहुंचे उनके बेटे मनिन्दर पर भी लोहे की रॉड से हमला किया। किसी तरह मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें हमलावरों से बचाया।

# जंक्शन पर तीन घंटे का ब्लॉक, दर्जनों ट्रेनें प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली जंक्शन पर शनिवार को तीन घंटे के मेगा ब्लॉक के कारण दर्जनों ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। अप लाइन की ट्रेनों को या तो मार्ग में रोक दिया गया या उनका मार्ग बदला गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दोपहर 12 से 3 बजे तक ब्लॉक लेकर मरम्मत और यार्ड सुधार कार्य कराए गए। इस अवधि में बरेली-शाहजहांपुर अप लाइन पर ट्रैफिक को पूरी तरह रोक दिया गया, जिससे कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रहीं। इस दौरान लखनऊ, दिल्ली, चंडीगढ़, मुरादाबाद की ओर आने-जाने वाली प्रमुख ट्रेनें प्रभावित हुईं।

- **अप लाइन की ट्रेनें कई घंटे देर से आने से गर्मी में परेशान हुए यात्री**

शाहजहांपुर स्टेशन पर भी ट्रेनों को रोक कर चलाया गया, जिससे वहां भी प्लेटफार्मों पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्लेटफार्म पर न तो पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था थी और न ही बैठने की सुविधा, जिससे भीषण गर्मी में यात्री खासे परेशान नजर आए।

यात्रियों ने बताया कि बिना पूर्व सूचना के ट्रेनें देर से चलीं और रेलवे ने जानकारी नहीं दी। कुछ यात्रियों ने यह भी शिकायत की कि ऑनलाइन ट्रेन स्टेटस अपडेट नहीं हो रहा था, जिससे उन्हें सही जानकारी समय पर नहीं मिल सकी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ब्लॉक यार्ड री-मॉडलिंग और सिग्नलिंग कार्यों के तहत जरूरी था, जिससे भविष्य में ट्रेनों का संचालन और अधिक सुचारु हो सकेगा। ब्लॉक समाप्त होते ही प्रभावित ट्रेनों को प्राथमिकता के आधार पर रवाना किया गया।

# कांवड़ यात्रा में जो घटनाएं सामने आ रहीं, वे सुनियोजित षडयंत्र का हिस्सा : भूपेंद्र सिंह

## समाजवादी पार्टी का चरित्र हमेशा हिंदू समाज से जुड़े मुद्दों पर विवादित टिप्पणी करने वाला रहा है

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी का चरित्र हमेशा हिंदू समाज से जुड़े मुद्दों पर विवादित टिप्पणी करने वाला रहा है। धर्मगुरुओं की बात हो या हमारी आस्था व परंपराओं की, उनकी सरकार के दौरान कांवड़ यात्रा को बाधित करने की कोशिश होती थी। कांवड़ यात्रा को लेकर जो घटनाएं सामने आ रही हैं, वो कहीं न कहीं सुनियोजित षडयंत्र का हिस्सा हो सकती हैं।



स्व. पार्षद आरेंद्र अरोड़ा के घर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, साथ में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार भी मौजूद रहे। ● अमृत विचार

प्रदेश अध्यक्ष ने सर्किट हाउस में शनिवार सुबह मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव के कॉरिडोर'' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सपा ने हमेशा धार्मिक भावनाओं का अपमान किया है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर कांवड़ यात्रा तक, इनकी सोच हमेशा हिंदू विरोधी

● **सर्किट हाउस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अखिलेश यादव पर साधा जमकर निशाना**

रही है। समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा हिंदू धर्म, संतों और धार्मिक ग्रंथों के खिलाफ की गई टिप्पणियां उनके सनातन विरोधी चरित्र को दर्शाती हैं। भाजपा सरकार में हर व्यक्ति को अपनी धार्मिक आस्था के अनुरूप त्योहार मनाने की पूरी स्वतंत्रता है। सभी समुदायों के त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हों, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की है। कांवड़ यात्रा करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ी हुई है। राज्य सरकार ने शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से कांवड़ यात्रा संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। अगर कोई कानून अपने हाथ में लेता है, तो सरकार उसके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करेगी। अराजकता की इजाजत किसी को नहीं है। पुलिस जांच कर रही है और जांच के बाद ही सारी बातें स्पष्ट होंगी, लेकिन सपा जिस तरह धार्मिक कार्यक्रमों को विवादित करने की कोशिश कर रही है, वह संदेहास्पद है और यह किसी षडयंत्र का हिस्सा भी हो सकता है। भूपेंद्र चौधरी ने शिक्षक रजनीश गंगवार द्वारा लिखी विवादित कविता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हमें किसी भी धर्म या संप्रदाय की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहिए। कुछ लोग जानबूझकर एक विशेष संप्रदाय को लक्ष्य करके विवाद खड़ा करते हैं, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### प्रदेश अध्यक्ष ने पार्षद आरेंद्र को दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को स्वर्गीय पार्षद आरेंद्र अरोड़ा के निवास जनकपुरी पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, एमएलसी संतोष सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. केएम अरोड़ा, मनीष अग्रवाल, सतीश कातिब, बंटी ठाकुर मौजूद रहे। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने यतिन भाटिया के निवास पर पहुंचकर उनके पिता की मृत्यु पर शोक संवेदना प्रकट की। एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, रामगोपाल मिश्रा, विष्णु शर्मा, उपसभापति नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ब्रज के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य के एयरफोर्स रोड स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री को श्रीराम की मूर्ति भेंटकर स्वागत किया। इससे पहले सर्किट हाउस में भूपेंद्र सिंह चौधरी का एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य, जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, महानगर मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, देवेंद्र जोशी आदि ने स्वागत किया।

### विस्थापित समाज के लोगों के साथ की चर्चा



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बरेली प्रवास के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विनोद पागरानी के मॉडल टाउन स्थित आवास पर सिख पंजाबी सिंधी खत्री विस्थापित समाज के लोगों के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान समाज के लोगों ने उन्हें बताया कि कैसे उन्होंने विस्थापन का दंश झेल कर मेहनत कर अपने आप को पुनः स्थापित किया। हमेशा राष्ट्रवादी विचार को लेकर चले। देश, प्रदेश व समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, महानगर उपाध्यक्ष अधीर सक्सेना, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, मेयर डॉ. उमेश गौतम, अतुल कपूर, मुरलीधर पागरानी, डॉ. ललित पागरानी, संजय पागरानी, दुर्गेश खटवानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चिम्मन दास, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, विजय मूलचंदानी, गुरविंदर सिंह, दिनेश मेहता, प्रदीप वधवनी सिंधी सेवा समिति के अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष मोहित अरोरा, राजकुमार अग्रवाल, धीरज सेठी आदि उपस्थित थे।

## डीपीआरओ ने लापरवाही मिलने पर 25 सचिवों को वेतन रोका

**बरेली, अमृत विचार :** जिला पंचायती राज विभाग 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़े के तहत गांवों में नालियों की सफाई करा रहा है लेकिन कुछ ग्राम पंचायत सचिव और सफाई कर्मचारी इसमें लापरवाही बरत रहे हैं। डीपीआरओ की ओर से ग्राम पंचायतों में कराई गई जांच में 25 सचिवों की लारपरवाही उजागर हुई। अब सभी का वेतन रोकने के साथ ही नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है।

डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि अभियान में लापरवाही बरतने वाले सचिवों में कमल कुमार, चंद्रपाल सिंह, पुष्पेंद्र गंगवार, प्रदीप सिंह राना, विशाल कुमार, अजय दुबे, अक्षय गुप्ता, विकास पटेल, हरेंद्र, राजीव आनंद, राजीव सिंह, सुशील कुमार, बृजेश गौतम, मो. फईम, राम बाबू, कुलदीप कुमार, अमन गंगवार, विजय सिंह, अजेय राघव, सुरेंद्र कुमार, मो. अमजद, शिखर गुप्ता, काजल, महेंद्र और छत्रपाल शामिल हैं। इन सभी का वेतन रोकने के साथ ही नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है और सभी एडीओ पंचायतों को पत्र लिखकर अभियान के तहत लापरवाही बरतने वाले सचिवों और सफाई कर्मियों की रिपोर्ट भेजने के साथ उनको निलंबित करने की बात कही है।

## घर बैठे होगा लर्निंग डीएल में नाम और पते का संशोधन

**बरेली, अमृत विचार :** अब आप घर बैठे ही अपनी लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) में नाम और पता का संशोधन कर सकते हैं। परिवहन विभाग ने लर्निंग डीएल में संशोधन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। जिससे लोगों को अब डीएल में जानकारी अपडेट करने के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

एआरटीओ प्रशासन डा. पीके सरोज ने बताया कि विभाग की ओर से पहले ही ड्राइविंग लाइसेंस, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाणपत्र, वाहन पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) और वाहन स्थानांतरण जैसी अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन की जा चुकी हैं। हालांकि, लर्निंग डीएल में नाम और पता में बदलाव की अभी तक मैनुअल प्रक्रिया थी। इस प्रक्रिया को भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट कर दिया गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटनाओं में कमी लाने को सड़क सुरक्षा समितियां बनेंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मंडलीय सड़क सुरक्षा की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि दोपहिया वाहनों की आमने-सामने की टक्कर के कारण गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायतों के माध्यम से सड़क सुरक्षा की योजना तैयार की जा रही है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ शहरों में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्राथमिकता है। इसके लिए ग्राम सड़क सुरक्षा समितियां बनेंगी। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों, शिक्षकों और नागरिकों से अपेक्षा है कि वे इस अभियान को सफल बनाएं।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन के नेतृत्व में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सड़क सुरक्षा समिति के गठन का निर्णय लिया है। यह पहल मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को जनांदोलन

### ये प्रयास प्राथमिकता में किए जाएंगे

ग्राम सभा में सड़क सुरक्षा ऑडियो-विजुअल सामग्री का प्रदर्शन, नुक्कड़ नाटक, गीतों एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से जन-जागरूकता लाने का प्रयास होगा। ब्लैक स्पॉट की पहचान और संजय एप की सहायता से उनके स्थायी समाधान के लिए रिपोर्टिंग की जाएगी। विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, इसमें महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता देते हुए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान में जिला सड़क सुरक्षा समिति, पंचायती राज विभाग एवं जिला सूचना कार्यालय का सहयोग लिया जाएगा। स्थानीय स्तर पर ब्लॉक विकास अधिकारी, थाना प्रभारी एवं जनप्रतिनिधि समिति को सक्रिय सहयोग देंगे।

● **मंडलायुक्त ने समितियां गठन करने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात जागरूकता लाने को दिए निर्देश**

बनाने की दिशा में ठोस कदम बनेगी। इस समिति में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, स्थानीय स्कूल शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, पुलिस बीट प्रभारी और युवा स्वयंसेवक शामिल होंगे।

मंडलायुक्त ने कहा है कि समिति की त्रैमासिक बैठकें अनिवार्य होंगी। जिनमें सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा, स्थानीय दुर्घटनाओं की समीक्षा और सुधारात्मक कार्रवाई तय की जाएगी। इस कार्रवाई के अंतर्गत सर्वप्रथम ब्लॉक स्तर पर ग्रामीण सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई जाएगी। उस बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान आदि प्रतिभाग करेंगे। बैठक में समिति को उसके कार्यों के बारे में बताया जाएगा, जिससे समितियों से क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट की सूची प्राप्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

## जरूरतमंदों की मदद करें : मौलाना अरशद रजा

**बरेली, अमृत विचार :** शिया समुदाय में अजादारी का सिलसिला जारी है। शनिवार को इमामबाड़ा मरहूम सज्जाद हुसैन गली मनिहारान कुतुबखाना में मजलिस हुई। जिसको मौलाना अरशद रजा ने खिताब करते हुए इमाम हुसैन का किरदार बयां किया।

उन्होंने कहा कि जितना हो सके जरूरतमंदों की मदद करें। इसके अलावा लीची बाग के इमाम ए असर में हुई मजलिस में लखनऊ से आए मौलाना अहमद अब्बास नकवी ने मर्सिया ख्वानी की। ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि अली कालोनी लीचीबाग में हुई मजलिस में अंजुमन शमशीर ए हैदरी, गुलदस्ता ए हैदरी, ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी, परचम ए अब्बास ने नौहख्वानी की। शानू काजमी ने बताया कि रविवार रात 9 बजे दीवानखाना छीपी टोला से मशालों का जुलूस निकाला जाएगा।

## एसडीएम नहीं सुन रहे शिकायतें मेरे पास पहुंच रहे शिकायतकर्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में रोज सुबह 10 से 1 बजे के मध्य जनसुनवाई में आए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में बैठक की। जिसमें अधिकांश शिकायतों में यह देखने में आया है कि दूर-दराज की तहसीलों से शिकायतें लेकर शिकायतकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि संबंधित एसडीएम अपने कार्यालय में बैठकर जनता की शिकायतों को नहीं सुन रहे हैं। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सुधार करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण करें, उसमें क्या टिप्पणी लगाई गई है,



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलेभर के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह।

● **जिलाधिकारी ने कहा, सभी अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर शिकायतें सुनें**

यह अवश्य दर्शाएं। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जनता की शिकायतों को सुनें और उसका त्वरित निस्तारण भी करें। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जो भी शिकायतकर्ता शिकायत लेकर आए, उसकी शिकायत का अंकन रजिस्टर में दर्ज कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड अवश्य करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। बैठक में जिलाधिकारी ने पाया कि तहसीलों में शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण की संख्या कम है, जिस पर अति शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, बीएसए संजय सिंह, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव, एसडीएम आंवला विदुषी सिंह, एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंगल पांडे को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी के नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर शहीद मंगल पांडे की जयंती पर शनिवार को रामपुर गार्डन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर गोष्ठी हुई।

गोष्ठी में लोगों ने मंगल पांडे को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि वीर शहीद मंगल पांडे एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर किया। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि मंगल पांडे को देश सदैव स्मरण करता रहेगा, उनका बलिदान देश भक्ति की मिशाल है। इस मौके पर रमेश चंद्र श्रीवास्तव, आशीष रुस्तम, विनोद कुमार प्रवीण उपाध्याय, सुरेश चंद वाल्मीकि, महेंद्र गंगवार, सतीश चंद्रा, आरबी सिंह प्रजापति, डॉ. सरताज हुसैन, मोबिन अंसारी, कमरुद्दीन सैफी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पेंशनरों ने भरी हुंकार, 4 और 5 अगस्त को जंतर-मंतर पर करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति बरेली की मासिक बैठक में अपने हक के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया, जिसमें बताया गया कि मांगों को लेकर 4 व 5 अगस्त को जंतर-मंतर पर आंदोलन करेंगे। जिसमें 7500 पेंशन साथ में डीए, पति-पत्नी को निशुल्क उपचार, पेंशन योजना से वंचित सदस्यों को 5000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता और न्यूनतम पेंशन का लाभ देने की मांगें उठाई जाएंगी।



पुराने रोडवेज परिसर में आयोजित बैठक में मंचासीन ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पदाधिकारी और सदस्य।

पुराने रोडवेज बस स्टेशन प्रांगण में मंडल अध्यक्ष ओपी शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन के राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने कहा कि केंद्र सरकार ईपीएस-95 पेंशनर्स के ईपीएफओ कोष में कई हजार करोड़ की भारी जमा धनराशि से पेंशन बढ़ोत्तरी आसानी से कर सकती है, लेकिन अभी तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है, जिसका 4 और 5 अगस्त को दिल्ली पहुंचकर देश के लगभग सौ सांसदों के समर्थन से कड़ा विरोध कर आंदोलन किया जायेगा। प्रांतीय महासचिव राज शेखर नागर ने कहा कि ईपीएफओ और केंद्र सरकार की उपेक्षा से पेंशनर्स परेशान हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत और राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह रजावत के नेतृत्व में दिल्ली कूच कर चार सूत्रीय मांगों की पूर्ति

● **ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति बरेली की बैठक आयोजित**

कराकर ही लौटेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद लोधी ने कहा कि बरेली मंडल दिल्ली आंदोलन में अपनी अहम भूमिका साबित करेगा। मंडल उपाध्यक्ष चिरंजीव गौड़, दिलीप पांडेय, नरेन्द्र प्रकाश सक्सेना, उमेश चन्द्र जौहरी, सत्य प्रकाश गोस्वामी, केएम त्रिपाठी, सुधीर उपाध्याय, सुशील कुमार सक्सेना, तेज प्रकाश अरोरा, शिव शंकर राय, साबिर हुसैन, आर के मिश्रा, अनिल रस्तोगी, बुद्धपाल सिंह, सदाकत अली आदि ने भी विचार रखे। मंडल अध्यक्ष ओपी शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

SEXOLOGIST
आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।
मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।
मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।
क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## बरेली कॉलेज की दुर्दशा पर शासन ने मांगा जवाब

**बरेली, अमृत विचार :** ऐतिहासिक बरेली कॉलेज के जर्जर हो रहे भवनों के संबंध में शासन ने प्राचार्य को पत्र भेजकर जवाब मांगा है। कॉलेज का स्थापना दिवस 17 जुलाई को मनाया गया है। 188 साल का कॉलेज हो गया है लेकिन इसके कई भवनों की हालत जर्जर हो गई। कई भवनों से पानी टपकता है और प्लास्टर भी टूटकर गिर रहा है। महिला छात्रावास पीएसी ठहरने की वजह से शुरू नहीं हो रहा है। इसकी शिकायत किसी ने शासन से की। शासन स्तर से कमिश्नर और डीएम को पत्र भेजा गया। अब कमिश्नर और डीएम की ओर से प्राचार्य को पत्र भेजकर इस संबंध में जवाब मांगा गया है।

# उच्च न्यायालय के फैसले से राहत, पीसीबी का औद्योगिक इकाइयों में दखल होगा कम

### बरेली के उद्यमियों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के अहम फैसले का स्वागत किया, कहा-मनमानी पर लगेगी रोक, व्यापारियों को मिलेगी सहूलियत

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अहम फैसला देते हुए औद्योगिक इकाइयों को बड़ी राहत दी है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने का कोई अधिकार नहीं होने और क्षतिपूर्ति लगाने के सभी आदेशों को रद्द करने के फैसले का बरेली के उद्यमियों ने स्वागत किया है। उद्यमियों ने कहा है कि उच्च न्यायालय के इस फैसले से यूपीपीसीबी के अधिकारियों का औद्योगिक इकाइयों में दखल कम होगा। इसके साथ वे इकाइयां भी संचालित हो सकेंगी, जो पूर्व में क्षतिपूर्ति के चक्कर की वजह से संचालित नहीं हो पा रही हैं। अब पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के मामले में उद्यमियों को एनजीटी में अपनी बात रखने का भी एक मौका मिल गया है। दरअसल, उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि यह क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की शक्ति सिर्फ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को है। प्रदेश के औद्योगिक इकाइयों ने पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने के आदेशों को चुनौती दी थी।



यह उच्च न्यायालय का बहुत बढ़िया फैसला है, इससे उद्योगों को बल मिलेगा और प्रदेश की एक ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में मदद मिलेगी। इस फैसले से उन इकाइयों को काम करने का मौका मिलेगा, जो लंबे समय से पीसीबी की कार्रवाई की वजह से काम नहीं कर पा रही थीं, वह इस फैसले से काम कर सकेंगी।
**-मयूर धीरवानी**, चैप्टर चेयरमैन, आईआईए बरेली



उच्च न्यायालय का यह आदेश एकदम से बिना जांच या एकतरफा जांच करके दंड डालने के काम पर रोक लगाएगा, इससे उद्यमियों को सहूलियत मिलेगी, अपनी बात को ग्रीन ट्रिब्यूनल को सही से रखने की फौरी तौर पर एक राहत मिली है।
**-तनुज भसीन**, उद्यमी



उच्च न्यायालय ने उद्यमियों को बड़ी राहत दी है, हम लोग शुरू से ही इसको लेकर मांग कर रहे थे, हाईकोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तो लंबे समय से मनमानी करता रहा है। अब उद्यमियों को कार्य करने में दिक्कत पेश नहीं आएगी।
**-अजय शुक्ला**, उद्यमी



उद्यमियों को उच्च न्यायालय के इस फैसले से राहत मिलेगी, फैसला स्वागत योग्य है, इसकी जितनी सरहाना की जाए कम है, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मनमानी पर रोक से औद्योगिक क्षेत्र के साथ उद्यमियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।
**-अभिनव अग्रवाल**, उद्यमी



तीन माह पहले बरेली की तमाम इकाइयों को पीसीबी की ओर से पर्यावरणीय क्षति के संबंध में नोटिस दी गई थी, जिस पर उद्यमी परेशान हुए। इसके बाद अधिकारियों से बात की गई। अब हाईकोर्ट ने पर्यावरणीय क्षति पर जुर्माना लगाने का अधिकार पीसीबी को नहीं होने और इनके आदेशों पर रोक लगाई है तो निश्चित रूप से पीसीबी के अधिकारियों का इकाइयों में दखल कम होगा। कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।
**-राजेश गुप्ता**, उद्यमी

## सार-संक्षेप

### गुरु हरिकृष्ण साहिब का प्रकाश पर्व मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** गुरु हरिकृष्ण साहिब का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा गुरुनानक सत्संग सभा कोहाड़ापीर, गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन और गुरुद्वारा जनकपुरी में मनाया गया। मुख्य दीवान कोहाड़ापीर गुरुद्वारे में सजाया गया। पाठ के समापन के बाद अखण्ड कीर्तनी जत्थे व हजूरी रागी अमनदीप सिंह ने कीर्तन गायन किया। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब से आए दिलबाग सिंह ने गुरुवाणी के मनोहर शब्दों को गायन कर संगत को निहाल किया। श्रद्धालुओं ने गुरु का लंगर छका।

### मिथलेश को मिला सर्वश्रेष्ठ प्रिंसिपल पुरस्कार



**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रेज स्कूल की प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय को इंडियन टैलेंट ओलंपियाड मुंबई की ओर से विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सर्वश्रेष्ठ प्रिंसिपल पुरस्कार से नवाजा गया। प्रज्ञा सरोवर शिक्षा समिति एवं विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें बधाई दी है। मुख्य अतिथि एडवोकेट बीके कोचर ने बताया कि कैम्ब्रेज विद्यालय के लिए यह एक गर्व का क्षण है, क्योंकि उनके छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में सफल रहे। यह उपलब्धी सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। प्रबंध निदेशक प्रो. कृष्ण अवतार वार्ष्णेय, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. बीरेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. प्रतीक्षा वार्ष्णेय, साधना चौहान, मांसी अरोरा, हिमांशी सक्सेना, प्रिया खंडूज, रिंपी सक्सेना, संदीप कुमार, प्रियंका पाराशरी, पीयूष सिंह, प्रियांगी मिश्रा, अवधेश सक्सेना, ज्ञानेश्वर आचार्य आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शांतनु महाराज ने शौर्य गाथा सुनाई



**बरेली ,अमृत विचार :** माधोबाड़ी स्थित रामायण मंदिर में चल रहे तुलसी जयंती महोत्सव के पांचवें दिन शनिवार को शौर्य गाथा की शुरुआत की गई। प्रयागराज से पहुंचे आचार्य शांतनु महाराज ने हनुमानजी और गुरु गोविंद सिंह के शौर्य की गाथा सुनाई। उन्होंने कहा देश व धर्म की रक्षा के लिए असंख्य देश भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। महापुरुषों के बलिदान को स्मरण रखना व देश-धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहना ही उन बलिदानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कहा कि जामवंत ने हनुमान को उनके असली स्वरूप का परिचय कराया। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के पूरे परिवार की कथा सुनाकर देशभक्ति के अद्वितीय उदाहरण का परिचय कराया। विशेष रूप से उनके दो पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की भी गाथा सुनाई। जिसे सुनकर श्रोताओं में देशभक्ति की भावना जाग्रत हो उठी। इस दौरान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा, पूर्व उप सभापति अतुल कपूर, सचिव नवीन अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### शिव विवाह का प्रसंग सुनाया



**बरेली, अमृत विचार :** भूड़ स्थित रघुनाथ मंदिर में चल रही शिव पुराण कथा में शनिवार को कथा व्यास आचार्य प्रखर ने शिव विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जो भाग्य में लिखा है, वह हमें अवश्य प्राप्त होता है। पार्वती की तपस्या का फल उन्हें शिव से विवाह के रूप में मिला। महिला संकीर्तन मंडल प्रधान मधु, सभासद कपिलकांत, रेनु, सुनीता, कमलेश आदि उपस्थित रहे।

### छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया



**बरेली, अमृत विचार :** साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में ''स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना'' के अंतर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्नातकोत्तर की 12 छात्राओं को प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में टैबलेट बांटे गए। कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. रुचि अग्रवाल ने किया।

# प्रवेश तो हो गए अब सीट लॉक करना चुनौती

### समर्थ पोर्टल पर विद्यार्थियों की ईमेल पर जाएगा ओटीपी, विद्यार्थी के ओटीपी बताने पर ही कॉलेज लॉक कर सकेंगे सीट

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **छात्रों से ओटीपी पूछने में लगेगा लंबा समय, कॉलेजों ने रुविवि में मुख्य प्रवेश नियंत्रक को लिखा पत्र**

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। पहली बार शासन के आदेश पर समर्थ पोर्टल पर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के तहत स्नातक में पहले चरण के प्रवेश पूरे हो गए हैं लेकिन महाविद्यालयों को सीट लॉक करने में दिक्कत आ रही है।

बरेली कॉलेज, फरीदपुर महाविद्यालय समेत कई महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश नियंत्रक को पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने और बल्क में सीट लॉक करने की अनुमति मांगी है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस संबंध में समर्थ पोर्टल के अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। अब सोमवार के बाद समाधान की बात चल रही है। स्नातक और परास्नातक में 80 हजार से अधिक पंजीकरण हुए हैं लेकिन प्रवेश कितने हुए इसका पता नहीं चल पा रहा है।

समर्थ पोर्टल पर विद्यार्थियों के पंजीकरण लॉगिन आईडी से हुए हैं। अब सीट लॉक के लिए विद्यार्थियों की ईमेल आईडी पर ही ओटीपी जाएगी। महाविद्यालय को सीट लॉक करने के लिए विद्यार्थी से ओटीपी पूछनी होगी ताकि गलत प्रवेश न हो। छोटे कॉलेजों में तो कम छात्र संख्या होने पर विद्यार्थियों से संपर्क कर सीट लॉक कर दी जा रही है लेकिन बरेली कॉलेज जैसे बड़े कॉलेज में एक-एक छात्र से संपर्क करना बड़ी चुनौती है।



बरेली कॉलेज में स्नातक के ही पांच हजार से अधिक प्रवेश हुए हैं। यहां पहले चरण में ही लगभग सभी सीटें फुल हो गई हैं। दूसरे चरण में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए पंजीकरण खुल गए हैं। परास्नातक में भी प्रवेश चल रहे हैं। इस तरह से अन्य बड़े कॉलेजों में भी दिक्कत आ रही है। बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने भी मुख्य प्रवेश नियंत्रक को पत्र लिखकर बल्क में सीट लॉक करने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि कॉलेजों की ओर से सीट लॉक करने की समस्या बताई गई है। प्रवेश में फर्जीवाड़ा न हो, इसके लिए विद्यार्थी की मेल आईडी पर ओटीपी जाएगा और कॉलेज को विद्यार्थी से ओटीपी पूछकर ही सीट लॉक करनी होगी। इस संबंध में समर्थ पोर्टल के अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। सोमवार को समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

### एमटेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कल

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में एमटेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 21 जुलाई को होगी। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट भवन में सुबह 9 बजे उपस्थित होना होगा। विद्यार्थियों को गेट स्कोर, बीटेक अंतिम वर्ष की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, सभी फॉर्म की मूल प्रति और उनकी दो सेट फोटोकॉपी अपने साथ लाएं। गेट स्कोर वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। एमटेक की प्रत्येक शाखा में 30 सीटें आरक्षित हैं। पाठ्यक्रम एआईसीटीई अनुमोदित है और स्मार्ट कक्षाएं और आधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। इसके अलावा इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सहायता और शोध के अवसर हैं।

## लड़की से गलत हरकत के मामले में कर्मचारी के लिए बयान

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में प्रवेश लेने आई छात्रा से गलत हरकत करने के मामले में जांच समिति ने शनिवार को कर्मचारी के बयान लिए। कर्मचारी ने एक बार फिर गलत हरकत करने से इन्कार किया है। उसने एलएलबी विभाग के कुछ कर्मचारियों को भी गवाह के तौर पर पेश किया है।

बता दें कि छात्रा ने आरोप लगाया कि वह पिछले शनिवार को बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश लेने आई थी तो एलएलबी विभाग के एक कर्मचारी ने मदद के बहाने उससे गलत हरकत की थी। सोमवार को उसने बहनोई के साथ कॉलेज में पहुंचकर शिकायत की थी। प्राचार्य ने कर्मचारी को तुरंत काम से हटाकर जांच बैठा दी थी। जांच समिति ने शुक्रवार को छात्रा के बयान लिए थे। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि कर्मचारी ने गलत हरकत से इन्कार किया है।

## बरेली जंक्शन के यार्ड में अवैध आवाजाही रोकने को लगेगी फेंसिंग

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** उत्तर मंडल के बरेली जंक्शन के यार्ड क्षेत्र में अवैध आवाजाही पर रोक लगाने के लिए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) आरके सिंह ने इंजीनियरिंग विभाग को फेंसिंग कराने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय हाल में यार्ड क्षेत्र में इंजन के डिरेल होने की घटना के बाद लिया गया है।

रेल सूत्रों के अनुसार यार्ड में पीछे की ओर दीवार कई स्थानों पर टूटी हुई है, जिसका लाभ उठाकर बाहरी व्यक्ति, पशु अंदर प्रवेश कर जाते हैं। इससे न केवल रेल संचालन में बाधा आती है, बल्कि सुरक्षा जोखिम भी बढ़ जाता है। बीते दिनों एक इंजन यार्ड में खड़ी पटरियों से नीचे उतर गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यार्ड में अवैध प्रवेश और सुरक्षा में चूक इसकी एक प्रमुख वजह रही।

डीआरएम ने संबंधित इंजीनियरिंग विभाग को निर्देशित किया है कि यथाशीघ्र टूटे हुए हिस्सों को कवर किया जाए और वहां मजबूत फेंसिंग लगाई जाए। यार्ड क्षेत्र की नियमित निगरानी के लिए आरपीएफ को भी सतर्क किया गया है। रेल प्रशासन की योजना है कि यार्ड के चारों ओर न सिर्फ फेंसिंग की जाए, बल्कि महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं, ताकि अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

## जनसूचना न देने पर प्रबंध समिति को लिखा पत्र

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के अस्थाई कर्मचारी जितेंद्र मिश्रा ने जनसूचना न मिलने पर प्रबंध समिति के सचिव को पत्र लिखा है।

जितेंद्र मिश्रा के मुताबिक उन्होंने 3 मार्च को कुछ बिंदुओं पर जनसूचना मांगी, तब से लेकर अब तक कोई भी सूचना कालेज की ओर से नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि निर्धारित 30 दिनों के बाद जनसूचना न देना कानून का उल्लंघन है। उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों को पत्र लिखा और प्राचार्य से भी संपर्क किया लेकिन सूचना नहीं मिली। अब प्रथम अपीलीय अधिकारी सचिव प्रबंध समिति को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजा है। यदि अब भी सूचना नहीं मिलती है तो राज्य सूचना आयोग लखनऊ को पत्र लिखकर शिकायत करेंगे।

## शाहजहांपुर व बदायूं से नहीं पहुंचा कोई तैराक

**बरेली, अमृत विचार :** राज्य स्तरीय समन्वय प्रतियोगिता के लिए जूनियर बालक-बालिका के मंडलीय ट्रायल स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को हुए। ट्रायल में बरेली से 12 और पीलीभीत से दो खिलाड़ी पहुंचे, जबकि शाहजहांपुर और बदायूं से एक भी खिलाड़ी नहीं पहुंचा।

ट्रायल में बालक वर्ग के ग्रुप-1 (15-17 वर्ष) में मनित मित्तल, कार्तिकेय मिश्रा, हर्षित जोशी, अभिजीत गंगवार, अमन कुमार, गुरुचरण चयनित हुए। ग्रुप 2 (13-14 वर्ष) में शौर्य वत्स, अरिजीत शाह, सारांश चयनित हुए। ग्रुप 3 (11-12 वर्ष) में मधुर शंखधर, शिवम चौरसिया, आदित्य मौर्या, अरुण रघुवंशी चयनित हुए। वहीं बालिका वर्ग में सिर्फ ग्रुप 1 (15-17 वर्ष) में रोजल खान का चयन हुआ। जिला तैराकी संघ के सचिव सुनील कुमार मित्तल ने बताया चयनित खिलाड़ी 24 से 27 जुलाई को वाराणसी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस दौरान वरुण शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडलीय ट्रायल में भाग लेते खिलाड़ी।

# नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी : डॉ. लता



केशलता इंटर नेशनल स्कूल में पदस्थापन कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं और शिक्षक। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **केशलता इंटरनेशनल स्कूल में पदस्थापन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ**

**अमृत विचार :** बीसलपुर रोड स्थित केशलता इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को पदस्थापन समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय की नव निर्वाचित छात्र परिषद को उनके पद और जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की निदेशिका एवं मुख्य अतिथि डॉ. लता अग्रवाल ने छात्रों से कहा कि नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह अवसर है अपनी क्षमताओं को निखारने और दूसरों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करने का।

प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने कहा कि सभी छात्र विद्यालय के मूल्यों और अनुशासन के ध्वजवाहक हैं। विद्यालय के हेड बॉय, हेड गर्ल, कैप्टन्स, और अन्य पदाधिकारियों को उप-प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा और प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने बैज प्रदान किए। उप-प्रधानाचार्या ने छात्रों को टीम वर्क और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया और सभी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रेरित किया। प्रशासनिक अधिकारी ने कहा इस तरह के आयोजन छात्रों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करते हैं, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन कक्षा 7 के छात्र आयुष शर्मा और कक्षा 9 की छात्रा रनिका शर्मा ने किया। स्कूल की हेड गर्ल प्रशंसा गंगवार और हेड ब्वॉय ऋषभ शर्मा को चुना गया। शिवानी सिंह, कृष्ण मुरारी, आकाश पटेल, सुमित शर्मा, नगमा, भावना तिरखा, शबीना, रूचि शर्मा, वर्षा, रूबी पाठक, शिवानी पचौरी, शिवानी शर्मा, दिव्यांशी भारद्वज, आशा, अक्षय, क्रांति पटेल, उमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# शतरंज : शहर के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में बनाई जगह

**अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस**

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** शतरंज से युवा जड़ रहे हैं। निजी स्कूलों में बड़े टूर्नामेंट हो रहे हैं। इससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। इस दिशा में शतरंज एसोसिएशन भी प्रयास कर रही है। शहर में शतरंज के 21 खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) में रैंकिंग पा चुके हैं।

कोच नीरज रावत के अनुसार शतरंज एक ऐसा खेल है, जिसमें केवल लगन की आवश्यकता होती है। यदि बच्चे में लगन है तो वह स्वयं ही सीख-सीख कर आगे बढ़ता चला जाता है।

कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक शतरंज प्रतियोगिता में पहुंचे हैं। जिला शतरंज संघ के सचिव रामकिशोर ने बताया कि संघ खेल को लेकर सक्रिय रहता है। इसमें स्टेडियम या किसी सरकारी संस्थान की सहायता नहीं मिलती। हालांकि, निजी स्कूलों का काफी सपोर्ट रहता है। कई प्रतियोगिताएं भी संघ अपने स्तर से समय समय पर कराता रहा है। इसी का नतीजा है कि बच्चे शतरंज में रुचि ले रहे हैं। इस समय शहर में लगभग 7-8 चेस अकादमी संचालित हैं।



शतरंज क्लास में बच्चों को खेल की बारीकियां बताते कोच। ● अमृत विचार

- **स्कूलों में लगातार हो रहे टूर्नामेंट बच्चों में चेस के प्रति बढ़ रही रुचि**

### चेस खेलने से बढ़ती है एकाग्रता



मैंने 8 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था। 2021 में ही फिडे की 1800 प्लस रैंकिंग हासिल की। चेस खेलने से एकाग्रता बढ़ती है। अब मुंबई के कोच से ऑनलाइन चेस क्लास ले रहा हूं।
**-ओजस**, खिलाड़ी



मैं पांचवीं कक्षा का छात्र हूं। मैंने पिता से शतरंज सीखा। रुचि बढ़ने पर क्लास लेनी शुरू कर दी। फिडे में 1400 प्लस रैंकिंग प्राप्त की है। लगातार मेहनत कर रहा हूं।
**-मृत्युंजय**, खिलाड़ी



पहले फोन पर शतरंज खेलता था। धीरे-धीरे रुचि बढ़ी, स्कूल टूर्नामेंट में भी कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पिता भी चेस के शौकीन हैं, बिना कोचिंग के उन्हीं के साथ अभ्यास करता हूं।
**-श्रेयांश**, खिलाड़ी

SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
SSVGI
16 Years Educational Exellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastracture
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## सार-संक्षेप

### कायस्थ महासभा ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश युवा अध्यक्ष एवं सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शनिवार को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में ' 'एक पेड़ मां के नाम' के साथ 'एक पेड़ बेटा बेटी के रोजगार के नाम' पर पौधरोपण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सहायक निदेशक, सेवायोजन त्रिभुवन सिंह को सौंपा। जिसमें स्थानीय युवाओं को बरेली में ही बड़े उद्योग और फैक्ट्रियां लगवाकर रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। गौरव सक्सेना ने कहा कि बेरोजगारी की बढ़ती समस्या पर जिम्मेदारों का ध्यान केंद्रित कराने के लिए यह कदम उठाया गया है। बरेली में रबड़ फैक्ट्री, विमको फैक्ट्री, टरपेंटाइन फैक्ट्री समेत कई प्रमुख फैक्ट्रियां बंद होने से हजारों लोग बेरोजगार हो गए, लेकिन, इनकी जगह यहां कोई नया उद्योग या फैक्ट्री आज तक नहीं लगी। जिस कारण बरेली के युवाओं को रोजगार के लिए नोएडा, दिल्ली जैसे बड़े शहरों की तरफ जाना पड़ रहा है। जिले में भाजपा के जनप्रतिनिधियों की संख्या अधिक है। यहां प्रदेश सरकार के दो-दो मंत्री भी हैं। इस समस्या के समाधान को कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने पर मुख्यमंत्री से रोजगार का सृजन कराने की मांग की है। अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। युवा इकाई के जिलाध्यक्ष शक्ति कुमार, महामंत्री विभाकर सक्सेना, उपाध्यक्ष अंबुज सक्सेना, सचिव चिरंजीव, अमित सक्सेना एडवोकेट. अभिषेक सक्सेना, आशीष सक्सेना, विकास सक्सेना, नितिन सक्सेना, हनी सक्सेना, आकाश सक्सेना आशु, ऋषभ सक्सेना एडवोकेट, रोहित सक्सेना, शशांक सक्सेना, विपिन सक्सेना, अनिल कंचन, तरुण सक्सेना, अभिनव शील एडवोकेट, सुभाष चंद्र सक्सेना, अनिल, शुभम, राजेश आदि मौजूद रहे।

### कैंट विधायक ने कांवड़ियों के जत्थे को हरिद्वार रवाना किया



**बरेली, अमृत विचार :** सिकलापुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से शनिवार को कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार रवाना हुआ। कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लाकर गोला गोकर्णनाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कांवड़ियों को तिलक लगाकर गमछा, टी-शर्ट भेंटकर और मिष्ठान खिलाकर रवाना किया। जत्थे में लगभग 35 कांवड़िये शामिल हैं। अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया, रिशुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### कांवड़ियों का आज वनखंडीनाथ मंदिर पर स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** गुरुवार को जोगी नवादा से छह सौ कावड़ियों का जत्था कछला से जल लेने गया था। वनखंडीनाथ मंदिर में रविवार शाम श्री रामलीला समिति की ओर से इस जत्थे का भव्य स्वागत किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि सभी भोले के भक्त रविवार रात्रि मंदिर में विश्राम करेंगे। सोमवार को जलाभिषेक करेंगे। इससे पहले मेला संयोजक गिरधारी लाल साहू, समिति के संरक्षक धर्मेंद्र राठौर रिंकू, सुनील दत्त शर्मा, संजू राठौर, शोभाराम, अमर सिंह राठौर, प्रमोद राठौड़, वैभव भारद्वाज आदि कांवड़ियों का स्वागत करेंगे। शिव भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था समिति करा रही है।



झूलेलाल मंदिर में सिन्धी भजन डांडिया करतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# नई पुलिया बनाकर पुरानी का मलबा नाले में फेंका, पानी का बहाव रुका

## तहसील सदर के संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं 28 शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तहसील सदर में शनिवार का आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 28 शिकायतें लेकर फरियादी पहुंचे। इसमें सुभाषनगर नाले पर नई पुलिया बनाने और पुरानी पुलिया तोड़ने के बाद उसका मलबा नाले में ही गिराने से पानी का बहाव कम होने, पीलीभीत बाईपास रोड पर शराब की दुकान हटवाने से लेकर दो मंदिरों पर कब्जे की कोशिश आदि मामले पहुंचे। सभी मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच सौंपी गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के वीवीआईपी कार्यक्रम में व्यस्त होने की वजह से एसडीएम न्यायिक गुलाबचंद्र ने शिकायतें सुनीं। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की थीं।

तिलक कॉलोनी सुभाषनगर स्थित संतोषी माता मंदिर के पुजारी सुरेश चंद्र गोस्वामी ने सुभाषनगर नाले के संबंध में शिकायत की है। कहा, नाले की पुरानी पुलिया तोड़ी और उसका मलबा नाले में गिरा दिया, बाहर नहीं निकाला गया। नई पुलिया के लिंडर के नीचे की मिट्टी व मलबा नाले में ही गिरा दिया। इससे पानी का बहाव कम हो गया है। आंशिक रूप से पानी निकल रहा है। शिकायत में कहा है कि नगर निगम की मशीन जाती है लेकिन वह पुलिया के नीचे का मलबा नहीं निकाल पाती है। नाले पर एक ट्रांसफार्मर भी रखा है। नाले की सफाई कराने की मांग उठाई है। मामले की जांच अपर नगर आयुक्त को सौंपी गई है।



तहसील सदर के सभागार में शिकायतें सुनते अधिकारी।

- एसडीएम न्यायिक ने जांच कर शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

पीलीभीत बाईपास रोड इंद्राजी धर्मकांटा निवासी मो. शफी ने शिकायत करते हुए कहा कि उसके पड़ोस में एक नई शराब की दुकान खुली है। जहां लोग शराब पीकर गालीगलौज करते हैं। वहां से निकलने वाली महिलाओं को भी परेशान करते हैं। वहां पर उनका अकेला मकान है, वह और उसके परिवार के लोग डरे रहते हैं। भोजीपुरा के ग्राम प्रहलादपुर निवासी हुलासीराम ने क्षेत्रीय लेखपाल पर गन्ने की फसल जोतवाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। मामले की जांच तहसीलदार को दी गई है।

**मनरेगा में फर्जीवाड़े का आरोप, शिकायत :** म्यूड़ी रानी मेवा कुंवर निवासी गंगा सिंह ने शिकायत करते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत डंडिया में मनरेगा के कार्यों में धांधली हो रही है। कच्चा नाला खुदवाने को लेकर कहा कि नाला नहीं है। केवल शारदा नहर है, जो भूलेख नक्शा में गाटा संख्या 120 पर अंकित है, कार्य का नाम बदलकर गलत तरीके से मनरेगा में फर्जीवाड़े का आरोप लगाया। एक रसोइया की भी मनरेगा में लगातार हाजिरी लगाए जाने की बात कही। ग्राम पंचायत में अन्य अनियमितताएं होने की बात कहते हुए कहा, चकमार्ग, सीसी कार्य, सीमेंट रोड आदि में गड़बड़ियां की गई हैं। शिकायत में उसने सभी कार्यों का जिक्र किया है।

### करगैना में मंदिर पर कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया

ग्राम करगैना निवासी विजय कुमार अग्रवाल ने शिकायती पत्र देकर कहा कि करगैना में गाटा संख्या 304 पर उसका स्वामित्व है और उसने उस भूमि पर अपने निजी खर्चे से मंदिर का निर्माण कई साल पहले कराया था। एक व्यक्ति मंदिर में आकर साफ-सफाई करने लगा। पूछने पर उसने एक जनप्रतिनिधि के कहने पर यहां काम करने की बात कही। मंदिर पर कब्जे का प्रयास का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

# रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने को लेकर खूनी संघर्ष



मारपीट में घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- दबंगों ने घर में घुस कर धारदार हथियारों से किया हमला

**अमृत विचार:** सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर में रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर विवाद हो गया। गांव के ही कुछ दबंगों ने घर में घुस कर धारदार हथियारों से हमला कर एक महिलाओं समेत छह लोगों को घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

गांव कासमपुर निवासी अनम ने बताया कि उसका भाई सुहेब शुक्रवार सुबह स्कूटी लेकर बाहर जा रहा था। रास्ते में तौफीक की बाइक खड़ी थी। जिससे रास्ता बंद हो गया था। सुहेब ने बाइक हटाने को कहा तो तौफीक ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। उसने कहा कि तेरे दादा की सड़क है जो इधर से निकलेगा। इसके बाद तौफीक और उसके साथियों फईम उर्फ पप्पू और युनुस ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। मामला थाने तक पहुंचा और पुलिस के कहने पर आरोपी तौफीक ने सुहेब का इलाज कराया। इसी रंजिश में शनिवार सुबह तौफीक, गुड्डू, शब्बीर, फईम उर्फ पप्पू और भूरा खां ने परवेज के घर में घुस कर दोबारा हमला कर दिया। दबंगों ने परवेज, उसकी पत्नी शमीम बानो, बेटियों इरम और अनम और बेटे सुहेब पर हमला किया। गांव के लोगों ने किसी तरह से बीच-बचाव किया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां परवेज की हालत गंभीर बताई जा रही है। उधर तौफीक ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार शाम को सुहेब ने उसके साथ मारपीट की थी और शनिवार सुबह उसके भाई फईम उर्फ पप्पू को भी पीटा था। इसी कारण उसने मारपीट की।

# छांगुर का इल्म और शरीयत से कोई ताल्लुक नहीं, वह ढोंगी बाबा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आला हजरत खानदान के तौसीफ रजा बोले, ऐसे लोग मजहब की आड़ लेकर अपनी रोटियां सेंक रहे
- इस्लाम ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करता है, कहा- जबरन या धोखा देकर इस्लाम धर्म में दाखिल कराना नाजायज

**अमृत विचार:** आला हजरत परिवार के तौसीफ रजा खां ने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मीडिया के जरिए खबरें मिली हैं कि बलरामपुर के जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने गैर शरई तौर पर लोगों का धर्मांतरण कराया है, जोकि इस्लाम के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की धोखाधड़ी से इस्लाम में किसी व्यक्ति को दाखिल कराना नाजायज और हराम है। इस्लाम की पहचान अखलाक से है, इस्लाम हक की सीख देता है और नाहक के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि छांगुर बाबा का इल्म और शरीयत से कोई ताल्लुक नहीं है। वह ढोंगी बाबा है , जो मजहब की आड़ लेकर अपनी रोटियां सेंक रहा है। इस्लाम ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करता है। उन्होंने कहा कि शरीयत भी जबरन धर्म परिवर्तन की इजाजत नहीं देती है। छांगुर जैसे ढोंगी बाबा का दरगाह आला हजरत से सामाजिक बहिष्कार किया जाता है। कहा कि अशिक्षित होने के चलते लोग ढोंगी बाबा के बहकावे में आ जाते हैं और उनकी ओछी मानसिकता का शिकार बन जाते हैं।

# काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी में हुई तकरार

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइंस स्थित परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को काउंसलिंग में पहुंचे दो पक्षों के बीच जमकर तकरार हुई। महिला ने पति के साथ रहने से इन्कार कर दिया। वहीं, पति ने फंसाने का झूठा आरोप लगाने की बात कही।

बदायूं रोड स्थित एक कॉलोनी की रहने वाली 27 वर्षीय महिला ने बताया कि उसकी शादी एक पंजाबी परिवार में हुई थी। जून में शादी के दूसरे दिन ही पति ने मारपीट की। 15 दिनों बाद मजबूरन घर छोड़ना पड़ा। वहीं, महिला के पति ने बताया कि शादी के समय पर कई तथ्य छिपाए गए थे। अब दहेज का आरोप लगाकर पत्नी उसे फंसाना चाह रही है। वहीं, महिला की बहन ने बताया कि शादी के बाद वर्जिनिटी टेस्ट के मुद्दे पर दोनों के बीच विवाद हुआ था। मामले को सुलझाने की बहुत कोशिश की गई।

# रेलवे कॉलोनी में स्थापित किया ऑक्सी वन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रेलवे कॉलोनी रोड नंबर आठ पर वनमंत्री ने पीपल का पौधा रोपा
- 15 अगस्त तक अलग-अलग वनों की स्थापना की जाएगी

**अमृत विचार:** वन विभाग ने पौधरोपण महा अभियान के तहत शनिवार को विशिष्ट वनों की स्थापना की शुरुआत की। इज्जतनगर रेलवे कॉलोनी में रोड नंबर 8 पर वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने ऑक्सी वन की स्थापना कर पीपल का पौधा रोपा। 15 अगस्त तक वन विभाग की तरफ से अलग अलग वनों की स्थापना की जाएगी।

डीएफओ दीक्षा भंडारी ने बताया कि ऑक्सी वन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में वायु प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संतुलन, शहरी जैवविविधता संरक्षण के तहत ग्रीन लंग्स के रूप में ऑक्सी वन की स्थापना की जानी है। ऑक्सी वन सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों और नगर निगम क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे। इस वन में मुख्य रूप से पाकड़, पीपल, बरगद, नीम और अन्य स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाने हैं। 19 जुलाई से 15 अगस्त तक विभिन्न प्रकार के वनों की स्थापना वन विभाग की ओर से की जाएगी, जिसमें मुख्य रूप से अटल वन, शौर्य वन, शक्ति वन, त्रिवेणी वन, एकता वन आदि हैं। इस प्रकार के वनों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को पौधरोपण कार्यक्रम से भावनात्मक रूप से जोड़ना है। इस मौके पर एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य, पार्षद सुधा सक्सेना, क्षेत्रीय वनाधिकारी वैभव चौधरी, केन्द्रीय विद्यालय के बच्चे और शिक्षक, गंगा समग्र संस्था के अखिलेश सिंह, अन्य संस्थाओं और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



रेलवे कॉलोनी में वन विभाग के अधिकारियों के साथ पौधरोपण करते वनमंत्री।

# सोमनाथ मंदिर में होते हैं सूर्य देव और पंचमुखी हनुमान के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 40 वर्ष पुराना मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आस्था का केंद्र
- सावन महीने में बड़ी संख्या में मंदिर आते हैं भक्तजन

**अमृत विचार :** प्रभात नगर में चालीस वर्ष पुराना सोमनाथ मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आस्था का केंद्र है। यहां शिवलिंग के अलावा शिव परिवार, राम दरबार, विष्णु-लक्ष्मी के साथ पंचमुखी हनुमान व सूर्यदेव की मूर्तियां स्थापित हैं। मंदिर प्रांगण 1500 गज में फैला है। मंदिर के बाहर एक सुंदर वाटिका है।

मंदिर में शिवरात्रि, सावन माह, नवरात्रि, होली, दीपावली, अन्नकूट, जन्माष्टमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सेवादारों में शामिल महेश अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में शाम के समय रोजाना विशेष आरती होती है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार तीस वर्ष पहले मंदिर की स्थापना हुई। हालांकि, इससे पहले केवल मंदिर ढांचा ही बना था। यहां के रहने वालों ने चंदा एकत्र कर भव्य मंदिर का निर्माण कराया। कीर्तिनगर, जनकपुरी व अन्य कालोनियों से भी लोग यहां दर्शन को आते हैं।



प्रभात नगर में सोमनाथ मंदिर में पहुंचे भक्त। ● अमृत विचार

# बीडीए का फर्जी नक्शा दिखाकर चार करोड़ ठगने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 15 साल से फरार चल रहा कृष्णा आवासीय समिति का संचालक दिलीप

**अमृत विचार :** बीडीए का फर्जी नक्शा दिखाकर लोगों को बीडीए के भूखंड दिलाने का झांसा देकर चार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ ने बरेली से गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे लखनऊ लेकर गई।

खुर्रम गौटिया निवासी दिलीप कुमार कृष्णा आवासीय समिति का संचालक था। दिलीप ने बीडीए का फर्जी नक्शा दिखाकर लोगों को भूखंड देने के नाम पर चार करोड़ से अधिक की ठगी की। इसके बाद फरार हो गया था।

इस मामले में प्रेमनगर थाने में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हुए थे। सन 2010 में शासन के आदेश पर इन मुकदमों की विवेचना आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन को ट्रांसफर कर दी गई। न्यायालय ने दिलीप का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

अनुसंधान संगठन लगातार उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में थी। संगठन को दिलीप के बरेली में होने की सूचना मिली। दिलीप को गिरफ्तार कर लखनऊ ले जाया गया है, वहां पर उससे पूछताछ की जाएगी।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आए तो सड़क पर उतरकर करेंगे विरोध

**बरेली, अमृत विचार:** बिहार में अगस्त और सितंबर में होने वाले एशिया हॉकी कप में पाकिस्तान टीम के खिलाड़ियों को बुलाने को लेकर विरोध शुरू हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि खेल मंत्रालय ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों को बुलाने का जो फैसला किया है , उस फैसले पर उनको पुनर्विचार करना चाहिए। ये खिलाड़ी दुश्मन देश से आ रहे हैं, जिस देश ने पहलगाम में बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दिया था। मौलाना ने कहा कि ये वही लोग हैं, जो आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ जहर उगला रहे थे, अगर ये खिलाड़ी भारत आए तो हम रोड पर उतर कर इनका विरोध करेंगे।

# ज्ञान और भक्ति से जीवन में आती है सरलता : प्रभाकर त्रिपाठी

**बरेली, अमृत विचार :** बाबा त्रिवटी नाथ मंदिर में चल रही रामचरितमानस कथा के पांचवें दिन शनिवार को कथा व्यास पं. प्रभाकर त्रिपाठी ने कहा कि प्रभु राम ज्ञान स्वरूप हैं और मां सीता भक्ति स्वरूप हैं। जब ज्ञान और भक्ति मिलते हैं, तब मानव जीवन में सरलता और विनम्रता आती है।

ज्ञान के साथ यदि भक्ति न हो, तब वह अभिमान का द्योतक होता है और इसी प्रकार भक्ति हो परंतु ज्ञान न हो, तब वह आडंबर और ढोंग बन कर मनुष्य को गलत मार्ग पर चलने के लिए विवश कर देता है। उन्होंने बताया कि राम और सीता का विवाह चार प्रकार से हुआ। प्रथम विवाह में जब सीता का प्रभु श्रीराम से फुलवारी में मिलन होता है, वह है मन का समर्पण। दूसरा समर्पण रूपी विवाह है बुद्धि का समर्पण, जब राजा जनक ने सीता विवाह की प्रतिज्ञा पूरी की और सीता का विवाह राम से संभव हुआ। कथा व्यास कहते हैं कि तीसरा है चित्त का समर्पण जिसमें माता सीता प्रभु राम के गले में वरमाला डालती हैं और चौथा विवाह अहंकार का समर्पण। जब राम धनुष भंग करके सीता का वरण करते हैं। राजा जनक द्वारा सीता को प्रभु राम को सौंपना, अहंकार का समर्पण कहलाता है।

आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर कमेटी के प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा आदि उपस्थित रहे।



कथा सुनाते पं. प्रभाकर त्रिपाठी।

# नशा तस्करों पर चला पुलिस का डंडा, एक साल में 366 गिरफ्तार

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

- एक साल में 200 मुकदमे हुए दर्ज, तस्करों ने अब महिलाओं का सहारा लेना किया कम
- एक साल में सिर्फ 10 महिला तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार :** जनपद में नशे का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले के अलावा स्मैक व अन्य मादक पदार्थों की दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा होते हुए पंजाब तक सप्लाई हो रही है। पुलिस लगातार तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज रही है। एक साल में मादक पदार्थों की तस्करी के 200 मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने 366 आरोपियों को गिरफ्तार किया। स्मैक तस्कर भी पुलिस की चाल को जान गए और महिला तस्करों का सहारा लेना कम कर दिए। यही वजह है कि एक साल में सिर्फ 10 महिला तस्कर ही पुलिस के हाथ आई।

दरअसल, जनपद में स्मैक तस्करी में तस्कर समेत कई सफेदपोश भी शामिल हैं। पुलिस इन तस्करों को भी कई बार गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है लेकिन बाहर आते ही वह दोबारा से वही काम करना शुरू कर देते हैं। पुलिस के बार-बार कार्रवाई के बाद भी वह अपना धंधा नहीं बदलते। जिले में 1 जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने के मामले में दो सौ रिपोर्ट दर्ज कीं और 366 तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दस महिला तस्कर शामिल हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ भी बरामद किए हैं।

**शाम ढलते ही हुक्का बार में सजती है महफिल :** स्मैक, अफीम व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी के अलावा हुक्का बार में भी नशा परोसा जा रहा है। सिविल लाइंस के साथ-साथ राजेंद्र नगर और डीडीपुरम में चोरी छुपे कई जगह पर हुक्का बार चलाए जा रहे हैं। जहां पर शाम ढलते ही हुक्का पीने के शौकीन दम मारना शुरू कर देते हैं। पुलिस ने कई हुक्का बार पर दबिश देकर मैनेजर समेत मालिकों के खिलाफ हुक्का परोसने के आरोप में कार्रवाई भी कर चुकी है, बावजूद हुक्का बार संचालक अपनी आदतों से बाज नहीं आते हैं।

**नेपाल से पंजाब तक होती है तस्करी :** बरेली में हाइवे के ढाबों से स्मैक, चरस, अफीम हीरोइन समेत अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच ही नहीं बल्कि दिल्ली और पंजाब तक जाती है। तस्कर बिहार और झारखंड से कच्चा माल लाते हैं। इसके अलावा नेपाल से भी माल आता है। जिले में स्मैक बनाई भी जाती है। शहर में गंगापुर, सैलानी, जाटवपुरा, सूफी टोला, सुभाषनगर, नकटिया, पुराना शहर के इलाके, बड़ा बाईपास पर अहिलादपुर, रजऊ परसपुर, फरीदपुर में कानून गोयान मोहल्ला समेत देहात के कई स्थानों पर नशे का कारोबार किया जा रहा है। पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

**पुलिस ने बरामद किया नशीला पदार्थ**

| मादक पदार्थ | मात्रा | अनुमानित कीमत |
|---|---|---|
| गांजा | 98 किलो | 24.74 लाख |
| चरस | नौ किलो | 46.33 लाख |
| अफीम | 84 किलो | 2.53 करोड़ |
| स्मैक | छह किलो | 6.72 करोड़ |
| कोकीन | आठ किलो | 4.8 करोड़ |
| डोडा | पांच किलो | 46.51 लाख |
| अन्य | 18 किलो | साढ़े 18 हजार |

> एक साल में स्मैक तस्करों के खिलाफ 200 मुकदमे दर्ज कर 366 आरोपियों को जेल भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ बरामद किए गए। कई तस्करों के साम्राज्य को जमींदोज किया गया।
>
> -अनुराग आर्य, एसएसपी

### झारखंड से अफीम लाकर बेचने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने झारखंड से अफीम लाकर शहर के छोटे-छोटे तस्करों को सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से साढ़े तीन किलो अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि पुलिस ने बदायूं के कादरचौक थाना क्षेत्र की रेलवे स्टेशन कॉलोनी निवासी रमेश चंद्र और दातागंज निवासी सुरेश गुप्ता को अप्रैल में गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से पुलिस ने एक किलो 450 ग्राम अफीम बरामद की थी। दोनों ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि कैंट के परसौना निवासी अजीम से फरीदपुर के रास्ते अफीम खरीदकर लाते हैं और महंगे दाम पर बेच देते हैं। उसी समय से पुलिस अजीम की तलाश कर रही थी। पुलिस ने रेलवे स्टेशन से चौपुला रोड पर जाने वाले व्यक्ति को रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की तो उसकी पहचान अजीम के रूप में हुई। अजीम के पास मिले थैले से पुलिस ने साढ़े तीन किलो अफीम बरामद की। अजीम ने बताया कि उसने ही बदायं के तस्करों को अफीम बेची थी। झारखंड से अफीम लाकर बेचता है।

# बचाव पक्ष की घटना को राजनीतिक रूप देने की दलील नहीं आई काम

विधि संवाददाता, बरेली

- अभियोजन ने 13 गवाह व 19 सबूत पेश किए

**अमृत विचार :** बचाव पक्ष की घटना को राजनीतिक रूप देने की दलील नहीं आई काम अदालत में बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि वादी मुकदमा के सगे भाई भगवत सरन गंगवार प्रदेश सरकार में तत्कालीन मंत्री थे। घटना कहीं और घटित हुई और मुल्जिमों को झूठा फंसाने के लिए एफआईआर दर्ज कराई।

इस पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए आदेश में उल्लेख किया कि यदि वादी का भाई सरकार में मंत्री था तो वह पुलिस को किसी भी प्रकार से अपने अनुसार एफआईआर दर्ज करवा सकते थे, लेकिन एफआईआर से पहले वादी ने घायलों का इलाज कराया। मृतक का पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम कराया। लाश को घर लाने के बाद एफआईआर दर्ज कराई गई जो स्वाभाविक है, उससे यह प्रतीत होता है कि पुलिस ने बिना किसी मंत्री के प्रभाव में जो विधि प्रक्रिया दी गई है उसका पालन किया है। अभियोजन ने 13 गवाह व 19 सबूत पेश किए।

## सार-संक्षेप

### खेत में मिला व्यक्ति का सड़ा गला शव

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** एक व्यक्ति का शव खेत में सड़ा गला हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भिजवा दिया । थाना हाफिजगंज के गांव कमुआ निवासी होरीलाल ( 45 ) का गांव हरहरपुर मटकली के बड़े मंदिर के पास खाली पड़े खेत में क्षतिग्रस्त शव मिला। सूचना पर थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ के बाद शव को का पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया मृतक शराबी था, इस वजह से उसकी पत्नी 15 साल पहले छोड़कर चली गई थी। उसने अपना मकान और खेत सब बेच दिया था, बड़े भाई के पास ही रहता था। पुलिस को अंदेशा है अधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई होगी। थाना प्रभारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बरेली के शिक्षकों ने दिल्ली में लहराया परचम

**मीरगंज, अमृत विचार :** केंद्र सरकार की संस्था सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र में देश के अलग -अलग राज्यों से विशिष्ट रूप से प्रतिभावान 86 अध्यापकों को चिन्हित कर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में "रोल ऑफ़ पप्पेटरी इन एजुकेशन इन लाइन विद न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020" पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें यूपी से 10 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया और 10 में से नौ शिक्षक बरेली से थे । जिनमें प्रतिभाग करने वाले अध्यापक मुस्कान ( रामनगर ) ,अभिनन्दा शर्मा ( मीरगंज ), इंदु सिंह ( भुता ), प्रीती कुमारी ( क्यारा ), सपना वर्मा ( क्यारा ) ,आशीष गंगवार ( मझगवां ), नीरज गंगवार ( भुता ) ,राजपाल सिंह ( मझगवां ), अरविन्द कुमार यादव ( मझगवां ) हैं। इन शिक्षकों ने ना केवल अपने राज्य की संस्कृति दिखाते हुए प्रशिक्षण केंद्र में उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वोत्तम प्रदर्शन किया।

### तेंदुए को पकड़ने के लिए वनमंत्री को दिया ज्ञापन



**सेंथल, अमृत विचार :** क्षेत्र में 20 दिन से घूम रहे तेंदुए के न पकड़े जाने से नाराज भाजपा नेता विनय चौधरी ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए राज्यमंत्री को ज्ञापन देकर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है। शनिवार को भाजपा नेता कल्यानपुर मंडल अध्यक्ष ने राज्यमंत्री अरुण कुमार को दिए ज्ञापन में वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना कि की इतने दिन से तेंदुआ क्षेत्र में घूम रहा है। वन विभाग की टीम उसको अभी तक पकड़ नहीं सकी है, जिससे लोगों में डर का माहौल है। लोग अपने दिनचर्या के काम भी नहीं कर पा रहे हैं।

### विद्यालयों में नए सिरे से गठित होगी बाल संसद

**शेरगढ़, अमृत विचार :** बाल संसद से छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ ही सामुदायिक सहभागिता के भाव विकसित किए जाएंगे। इसके लिए ब्लॉक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नए सिरे से बाल संसद का गठन किया जाएगा। बाल संसद के गठन में विद्यालय की कक्षाओं में पंजीकृत बच्चों को विद्यालय स्तर पर प्रधानमंत्री,उप प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री,स्वच्छता मंत्री,शिक्षा मंत्री,कौशल विकास मंत्री,पर्यावरण मंत्री,खेलकूद मंत्री तथा पुस्तकालय एवं सूचना मंत्री के रूप में नियुक्त किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. कल्याण राय श्रीवास्तव का कहना है कि छात्र-छात्राओं की नेतृत्व क्षमता के विकास में बाल संसद की भूमिका अहम हो सकती है। बीईओ मुकेश कुमार भारती ने बताया कि शिक्षकों को विद्यालयों में बाल संसद का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पिता ने अवैध संबंधों में बेटे की हत्या का जताया शक

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** दो दिन पहले रेलवे ट्रैक पर मिले शव के मामले में पिता ने छह रिश्तेदारों पर बेटे की हत्याकर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया। थाना सीबीगंज के सरनिया गांव निवासी निसार अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया उसका पुत्र 15 जुलाई को दिल्ली जाने की बात कह कर घर से निकला था। शाम को उसने अपने दोस्त गुड्डू को फोन कर कुछ रुपये मांगे थे और बताया कि वह जलाल नगर गांव में अपनी खाला के घर पर है, अगले ही दिन उसकी मृत्यु की सूचना मिली। तहरीर में निसार अहमद ने आरोप लगाया है अवैध संबंधों के शक में जलानगर गांव के उनके रिश्तेदारों ने आरिफ की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया है। उक्त मामले में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है पुलिस घटना की जांच कर रही हैं।

### बदहाल सड़क की एडीएम से शिकायत

**मीरगंज, अमृत विचार :** तहसील कार्यालय से नथपुरा और बलपुरा जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। कई साल पहले जिला पंचायत की ओर से बनवाई गई 600 मीटर लंबी डामर रोड अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बारिश के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाता है। इससे राहगीरों और छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार बच्चे पानी में गिर जाते हैं, जिससे उनके बैग और यूनिफॉर्म खराब हो जाते है। शनिवार को तहसील समाधान दिवस पर समाजसेवी नावेद खान ने अधिवक्ताओं के साथ एडीएम प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया। एडीएम ई ने नगर पंचायत मीरगंज की ईओ प्रियंका को बोर्ड की बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित करने के निर्देश दिए।

### किसानों ने उठाई गन्ना भुगतान की मांग

**बहेड़ी, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों ने केसर चीनी मिल से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाने की मांग की। किसानों का आरोप है, कि चीनी मिल प्रबंधन अपनी बेशकीमती जमीनों को लगातार बेच रहा है, लेकिन उस जमीन को बेचकर इकट्ठा किया गया पैसा भी किसानों को नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा लोगों ने राशन कार्ड न बनने की शिकायत भी दर्ज कराई। इस दौरान एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। टीचर्स कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, सिंह गौंटिया और जाजू नगर के निवासियों ने केसर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास बनाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 30 शिकायतें पहुंची, जिसमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

### भूजल सप्ताह के अंतर्गत हुईं प्रतियोगिताएं

**मीरगंज, अमृत विचार :** वीरांगना अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय की ओर से आयोजित "भूजल सप्ताह" के अंतर्गत शनिवार को राजेन्द्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में विविध प्रतियोगिताएं कराई गई। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र सक्षम राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में हर्षित पाराशरी ने प्रथम स्थान पाया। इस दौरान छात्रों ने "भूजल संरक्षण की शपथ" ली और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में जल संरक्षण विषय पर चित्रकला और स्लोगन लेखन की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने रचनात्मक तरीके से भूजल संकट की गंभीरता को उजागर किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. एसके सिंह,डॉ. आतिफ़ ख़ान, राजेश कुमार, वीरेंद्र शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### महिलाओं ने दी समूह बंद करने की चेतावनी

**मीरगंज, अमृत विचार :** सरकार स्वयं सहायता समूह से गरीब महिलाओं को जोड़कर उनके आर्थिक उत्थान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाएं चला रही है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता और समूह में शामिल जिम्मेदार महिलाओं की करतूतों से समूह में शामिल महिला सदस्या संचालन से मुंह मोड़ने लगी हैं। दरअसल ब्लॉक मीरगंज में समूह की महिलाओं को शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं दी जाती है। ऐसा ही एक मामला सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन )पूर्णिमा सिंह के समक्ष पहुंचा। जिनके समक्ष पहुंची मीरगंज विकास खंड के गांव ठिरिया खुर्द की प्राची समूह की महिलाओं ने अपनी व्यथा सुनाई। शिकायती पत्र सौंपकर समूह का संचालन बंद करने तक की गुहार लगा दी। एडीएमई ने मामले में समस्या समाधान के लिए बीडीओ को निर्देशित किया है। बीडीओ का कहना है मामला संज्ञान में आया है। सोमवार को इसे दिखवाया जाएगा।

### अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में छात्रों ने किया प्रतिभाग

**शेरगढ़ ,अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय आकलाबाद में शनिवार को अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें छात्रों ने हिस्सा लिया। एआरपी महिमा दीक्षित ने प्रतियोगिता के लिए बच्चों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को प्रतियोगी कार्यक्रमों में भागीदारी करने के साथ ही मेहनत से पढ़ाई करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर चर्चा की तथा बच्चों को साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया।

### ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**आंवला, अमृत विचार :** बरेली चंदौसी रेलवे मार्ग के रेवती बहोड़ा खेड़ा रेलवे स्टेशन के समीप एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह ने बताया देर रात्रि रेवती बहोड़ा खेड़ा रेलवे स्टेशन के गेट संख्या 14 सी के समीप एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान गौरव शर्मा पुत्र गंगा विष्णु शर्मा निवासी ग्राम टाह मजरा कसूमरा थाना आंवला के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को घटना स्थल पर बुला लिया गया है।

# ग्रामीण फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं को 48 घंटे से नहीं मिली सप्लाई

संवाददाता, आंवला

- नाराज ग्रामीणों ने छह दिन में समस्या का समाधान नहीं होने पर दी कैबिनेट मंत्री के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी

**अमृत विचार:** आंवला ग्रामीण फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं को 48 घंटे से सप्लाई नहीं मिली। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है, लोग एकत्रित होकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और चार वर्षों से विद्युत विभाग की ओर सुनवाई न करने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने छह दिन में विद्युत समस्या का समाधान न करने पर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के कस्बा स्थित कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक शिकायती पत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिया है। आंवला ग्रामीण विद्युत फीडर से जुड़े कल्लिया, करूआताल, टांडा, मोतीपुरा, अतरक्षेडी, नैनपुर, पथरी, सेंधा, आदि गांवों के उपभोक्ता एवं किसानों ने बताया कि उन्हें सेंधा एवं टांडा फीडर से सप्लाई मिलती है। क्षेत्र की सप्लाई बारिश और हल्की हवा से ठप हो जाती है। अधिकारी फोन नहीं उठाते है। विद्युत ट्रिपिंग एवं सप्लाई न मिलने की समस्या को क्षेत्रवासी अधिकारियों को चार साल से लगातार अवगत कराते आ रहे है। परंतु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि अधिकारी हर बार एक माह में सुधार कराने का आश्वासन दे देते हैं। परंतु आज तक कोई सुधार नहीं किया गया।

सरकार ने किसानों को सिंचाई के लिए 10 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 18 घंटे सप्लाई देने की घोषणा की है। जबकि उनके क्षेत्र में सिंचाई के लिए दूसरे तीसरे दिन और बार- बार ट्रिपिंग के साथ दो से चार घंटे ही सप्लाई मिल पाती है। ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई दोपहर 12 बजे लगाई जाती है। सप्लाई लगते ही शटडाउन, ब्रेकडाउन, ट्रिपिंग शुरू हो जाती है। इस कारण एक घंटे भी निर्वाध रुप से सप्लाई नहीं मिलती है। आरोप लगाया विद्युत अधिकारियों की मानसिकता सरकार के अनुरूप नहीं लग रही है। अधिकारियों की कार्यशैली और व्यवहार के कारण उपभोक्ताओं में रोष है। लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा यदि विद्युत समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो ग्रामीण प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। यदि छह दिन के अंदर विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो क्षेत्रीय उपभोक्ता किसानों के साथ 25 जुलाई शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री के आंवला स्थित आवास पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान सुखराम सिंह लोधी, गुरवीर सिंह, संजीव कुमार सिंह, राजेन्द्र, मनोहर, शबलू अली, सद्दाम, नेकपाल, पान सिंह, विमल, चिंतामणि, वीरपाल समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### 15 दिन से बिजली नहीं आने से ग्रामीण परेशान, एकत्र होकर किया प्रदर्शन

**गुलड़िया, अमृत विचार :** बड़ागांव में 15 दिन से बिजली सप्लाई बाधित है, जिससे ग्रामीण परेशान है। क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय बाबू ने बताया कई दिनों से अधिकारियों को फोन कर रहे हैं पर कोई फोन उठाने को तैयार नहीं है। अभी तक कोई सुनवाई नहीं होने पर शनिवार को ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर के सामने खड़े होकर विरोध जताया और लाइट जल्दी सही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने एक्सईएन आंवला को शिकायती पत्र देकर बिजली सही करने की मांग की है । खेतल सिंह ,प्रेम पाल , सुनील कुमार लोधी, कल्याण श्रीवास्तव आदि लोग ने ट्रांसफॉर्म के सामने खड़े होकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने 15 दिन क्षेत्र में अंधेरा होने से तीन बार चोरियां हो चुकी हैं, इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। जेई राहुल रावत ने बताया की बड़ागांव गांव में बिजली ना आने की सूचना मिली है मैं आज ही जाकर देख रहा हू जल्दी समस्या का समाधान किया जाएगा।

# अस्पताल में नवजात की मौत परिजनों ने किया खूब हंगामा

## पुलिस की मौजूदगी में आठ हजार रुपये में हुआ समझौता

संवाददाता, फरीदपुर



बच्चे की मौत के बाद परिजनों को समझाते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तीन दिन पहले हुए प्रसव के बाद नवजात की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टाफ और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। परिजनोंका कहना है अस्पताल प्रबंधन मृत बच्चे का इलाज करके रुपये वसूलता रहा है। परिजनों ने यूपी 112 पर फोन करके पुलिस बुलाई। पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल प्रबंधन और परिजनों में समझौता हो गया। सूत्रों के अनुसार 8 हजार रुपये में अस्पताल प्रबंधन ने वापस कर दिए तो घर वाले बच्चे का शव लेकर चले गए।

> बच्चे के परिजनों से लिए ऑक्सीजन के रुपये वापस कर दिए, पहले हंगामा कर रहे पुलिस को बुलाया मगर बाद में रुपये लेकर शांत हो गए।
> \- **डॉ. जिलानी**, मैनेजिंग डायरेक्टर बाल मिशन अस्पताल

> हमारा बच्चा तो मर ही गया अस्पताल के डॉक्टर की लापरवाही से उसके बाद भी मरे हुए बच्चे का उपचार करते रहे लोगों की बात माननी पड़ी, इसलिए समझौता कर लिया।
> \- **अरशद**, नवजात का पिता

> तीन दिन पहले बच्चा पैदा हुआ था इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गई दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया और घर चले गए कोई तहरीर नहीं दी गई है।
> \- **राधेश्याम** ,प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर

कस्बे के मोहल्ला परा निवासी अरशद की पत्नी निशा को तीन दिन पहले प्रसव पीड़ा हुई, परिजन उसे नगर के बीसलपुर रोड स्थित निजी अस्पताल बाल मिशन लेकर गए ,जहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया डॉक्टर के अनुसार बच्चे का वजन कम था और उसे वार्मर मशीन पर रखा था। डॉक्टर ने उसका तीन दिन तक इलाज किया और शाम को परिजनों को बताया आपके बच्चे की हालत ज्यादा खराब है उसे बरेली के किसी बाल रोग विशेषज्ञ को ले जाकर दिखाएं। उसे ले जाने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत है। इसके बाद डॉक्टरों ने 2000 में एंबुलेंस भी बुला दी, लेकिन जब परिजनों ने बच्चों को देखा तो वह मृत था। इसके बाद परिजनों ने हंगामा किया और यूपी 112 को सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि उन्हें बच्चों से डॉक्टर ने मिलने नहीं दिया और जब बच्चे के बारे में पूछा तो डॉक्टरों ने कोई संतुष्ट जवाब नहीं दिया, उनका बच्चा सुबह ही खत्म हो चुका था, लेकिन मृत बच्चे का डॉक्टर ठीक बताकर उनसे पैसे वसूलते रहे। फिलहाल परिजनों और अस्पताल दोनों में समझौता हो गया।

### जाम छलकाने के लिए बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने जाम छलकाने के लिए बाइकों की चोरी करने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान आंध्र प्रदेश के थाना अमरापुरम के गांव विजी पल्ली निवासी महतेशिन उर्फ मथा के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से एक चोरी की बाइक और चाकू बरामद हुआ है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि शुक्रवार देर रात पुलिस टीम गश्त के दौरान एक युवक आता दिखा। जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से चाकू मिला। बाइक की डिटेल खंगाली तो चोरी की निकली। आरोपी ने बताया कि बाइक को पीलीभीत रेलवे स्टेशन से चोरी की थी और बेचने के लिए बरेली आया था। वह शराब पीने का आदी है। नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी करता है। वह आंध्र प्रदेश में भी चोरी करता था और पुलिस के डर से भागकर यहां पर आया।

# तेंदुए के शावक मिलने का शोर निकले जंगली बिल्ली के बच्चे

संवाददाता, हाफिजगंज/ बरेली

- बकैनिया में गौहर के झाले पर तेंदुए के शावक मिलने की सूचना पर पहुंची थी वन विभाग की टीम



जंगली बिल्ली के बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हाफिजगंज क्षेत्र में 20 दिन से तेंदुए होने के वीडियो वायरल हो रहे हैं, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। शनिवार सुबह इसी क्षेत्र के बकैनिया गांव में तेंदुए के शावक मिलने का शोर मच गया। गांव के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। वन विभाग की टीम ने जांच की तो तेंदुए के शावक नहीं बल्कि जंगली बिल्ली के बच्चे निकले।

कुछ समय पहले हाफिजगंज की बंद पड़ी खेतान फैक्ट्री में तेंदुआ दिखा था। उसके बाद उसकी वीडियो बनाकर चौकीदार ने वायरल किया था। इसके बाद क्षेत्र के अन्य गांव में भी तेंदुआ के वीडियो वायरल हुए थे। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए फैक्ट्री में पिंजरा में बकरा बांधकर कैमरे लगाए। लेकिन तेंदुआ ट्रेस नहीं हो सका। शनिवार सुबह 8 बजे क्षेत्र के गांव बकैनिया निवासी गौहर के झाले पर तेंदुए के शावक मिलने की सूचना गांव में फैल गई। जिसके बाद ग्रामीण दहशत में आ गए। अनुमान लगाया जाने लगा कि मादा तेंदुआ भी आसपास होगी। गांव के लोगों ने वन विभाग की टीम को इसकी जानकारी दी। टीम भी मौके पर पहुंच गई। वन विभाग के बीट अधिकारी अकबर अली ने बताया कि जो दो शावक बताए जा रहे थे, वे जंगली बिल्ली के बच्चे थे। तेंदुए को लेकर क्षेत्र में लोग हर रोज तरह तरह की अफवाह फैला रहे हैं। ग्रामीणों को सजग किया गया है।

### घर में घुसकर लाठी-डंडों से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में एक घर में घुसकर दबंगों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। पुलिस ने छह नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के रबड़ी टोला निवासी मोहम्मद अर्सलान ने बताया कि उसके छोटे भाई अरमान से मोहल्ले के साद खान, इवाद खान ने मारपीट की थी। इवाद के पिता से शिकायत की तो वह अभद्रता करने लगे। आरोप है कि कुछ देर बाद इवाद, अब्दुस, साद खान, शाहिद, साजिद और आरिफ 10 अज्ञात साथियों को लेकर घर में घुस आए और मारपीट की।

### राजीव बने हिंदू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष

**रिठौरा, अमृत विचार :** हिंदू जागरण मंच एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार फौजी ने नगर पंचायत रिठौरा के राजीव उर्फ लवकुश साहू को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। राजीव उर्फ लवकुश साहू के नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर शिवमंगल सिंह राठौर, कृष्ण कुमार गुप्ता, रोहित साहू, नवील अंसारी, अर्जुन कुर्मी, सर्वेश सैनी, सचिन ठाकुर, पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा प्रदीप सागर आदि ने बधाई दी है।

# सुनवाई नहीं होने पर सीडीओ के सामने युवती ने किया हंगामा

संवाददाता, फरीदपुर

- पड़ोसियों द्वारा मकान पर कब्जा करने और मारपीट से है परेशान



युवती को समझातीं महिला पुलिस कर्मी।

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंची युवती न्याय नहीं मिलने पर सीडीओ के सामने सिर पटककर रोने लगी, महिला पुलिस कर्मियों ने समझाकर उसे बाहर भेजा।

मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। ग्राम नगरिया विक्रम निवासी युवती पुष्पा के मकान पर विरोधियों ने कब्जा करके उसके साथ मारपीट की। उसने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। अब आरोपी उस पर मुकदमा वापस लेने को लेकर धमकी दे रहे हैं। वह पुलिस थाने के चक्कर काट रही है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा। जब अधिकारियों ने मामला सिविल का बताकर उसे कोर्ट जाने की सलाह दी तो वह नाराज होकर मुख्य विकास अधिकारी के सामने ही अधिकारियों को कोसते हुए मेज पर सर पटकने लगी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। अधिकारी और महिला पुलिसकर्मी उसे बाहर ले जाने लगे तो वह वहीं बैठ गई, और रोते हुए हंगामा करने लगी, महिला पुलिस कर्मियों के समझाने के बाद युवती और उसकी मां सभागार से बाहर निकलीं। इस के बाद परिवार से पीड़ित दंपत्ति अवध किशोर भुर्जी फरियाद लेकर पहुंचा जिसे पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान 212 शिकायतें पहुंची जिनमें से 10 का निस्तारण मौके पर हुआ। समाधान दिवस के पश्चात सीडीओ ने तहसील परिसर में ही पौधारोपण किया। इस दौरान एसडीएम मल्लिका नैन, तहसीलदार सुरभि राय, नायब तहसीलदार शुभम पांडे, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश यादव, रामशंकर, अजीत कुमार, संजय कुमार उमेश कुमार सभी थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

### थाने के अंदर युवक ने बनाई रील वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के युवक का पहले सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वायरल हुआ था, अब थाने में उसने रील बनाई है, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस जांच कर मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है।

वायरल वीडियो में आरोपी आरिश खान खुद को सोशल मीडिया पर आर्टिस्ट बताता है, लेकिन उसकी गतिविधियां बार-बार कानून को चुनौती देने जैसी रही है। वह दोस्तों के साथ न केवल अवैध हथियारों के साथ वीडियो बनाता है, बल्कि गिरफ्तारी के बाद थाने में बैठकर भी मोबाइल से रील बनाने से बाज नहीं आया। जब पुलिस ने हथियारों से जुड़ी पोस्ट पर कार्रवाई करते हुए उसे और उसके दोस्तों को थाने बुलाया, तभी तीनों ने चुपके से एक और वीडियो तैयार किया और बाद में उसे वायरल कर दिया। सीओ हाईवे नीलेश मिश्रा ने बताया कि थाने के अंदर रील बनाना गंभीर लापरवाही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सोसाइटी से खाद नहीं मिलने से किसान परेशान



खाद के लिए गोदाम पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, भदपुरा

- खाद नहीं मिलने पर अधिकांश किसान लौट रहे खाली हाथ

**अमृत विचार:** इन दिनों किसान यूरिया के लिए गोदामों का चक्कर लगाने को मजबूर है। जितनी खाद केंद्रों पर पहुंचती है, उससे ज्यादा किसान लेने के लिए वहां पहले से मौजूद रहते है। अधिकांश किसान बिना खाद के लौटने को विवश है।

किसानों का आरोप है साधन सहकारी समितियों में मनमर्जी से ताला खुलता है । किसानों की परेशानी है समय से खाद न मिलने से गन्ने और धान की फसल खराब हो रही है। इससे उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। कांता प्रसाद, रमेश पाल, शिशुपाल, रामरतन, कुंवरसेन, कल्याण राय, शिवकुमार, जयपाल, अगनलाल, तुलाराम, डोरीलाल आदि किसानों ने बताया खाद न मिलने से उत्पादन प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। किसान खाद के लिए सुबह ही पहुंच जाते है, लेकिन अधिकांश को खाली हाथ लौटना पड़ता है। समिति के सचिव चंद्रप्रकाश शर्मा ने बताया 5 दिन पहले 700 कट्टे यूरिया आए थे। जिसमें गुरुवार को लगभग 250 कट्टे किसानों को वितरित कर दिए थे। और शनिवार को 107 कट्टे किसानों को वितरित किए गए और एनपीके खाद के भी अभी 231 कट्टे स्टॉक में है। पॉश मशीन का सर्वर न चलने से शनिवार को कुछ किसानों को यूरिया का वितरण किया गया।

# मीरगंज-दिवना के बदहाल रोड का निर्माण कार्य शुरू

**मीरगंज, अमृत विचार:** मीरगंज से दिवना और मीरगंज से हुरहुरी दिवना मार्ग क्षतिग्रस्त था, कुछ जगह पत्थर डालकर ठेकेदार ने छोड़ दिया था। इस सड़क की बदहाली की खबर अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

शुक्रवार को अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजीव अगर, सहायक अभियंता पंकज वर्मा ने पत्थर बिछी सड़क का निरीक्षण किया । इसके साथ ही निर्माण कार्य को शुरू करा दिया । इस रोड से करीब 26 गांव के लोग गुजरते हैं। जिनमें मोहम्मदगंज, हरदोई, श्यामपुर, गहबरा, गहबरा की गोटिया, दिवना, पहुंचा खुर्द करनपुर सहित करीब दो दर्जन गांव के लोग इस रास्ते होकर गुजरते हैं। ग्रामीण डाक कांवड़ लेकर इसी रोड से निकलते है। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता पंकज वर्मा ने शनिवार को सड़क का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के ठेकेदार को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा काफी दिनों से इस सड़क पर कार्य नहीं कराया गया था। जिसके चलते उसे निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने की चेतावनी भी उच्चाधिकारियों द्वारा दी गई। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत ये सड़क हुरहुरी से दिवना मार्ग करीब 8 किलोमीटर की लंबी सड़क है। 000

# रंगदारी न देने पर चालक को पीटा

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- ट्रक के केबिन से खींच कर ले गए दबंग, फैक्ट्री में तैनात गार्ड ने बचाई जान
- सीसीटीवी में मारपीट की पूरी वारदात कैद, चालक का मोबाइल दबंगों ने छीना

**अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र की सुपीरियर फैक्ट्री में मक्का उतारने आए चालक की रंगदारी देने से मना करने पर ट्रक से खींचकर जमकर पिटाई की गई। उसके बाद केबिन के शीशे में तोड़फोड़ की। शोर-शराबा के बाद फैक्ट्री में तैनात गार्ड ने मौके पर पहुंच कर चालक की जान बचाई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे ने कैद हो गई। पीड़ित की तहरीर के बाद भी रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय पुलिस ने तीन आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया।

शेरगढ़ के गांव गोटिया निवासी यामीन खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बदायूं के उझानी से ट्रक में मक्का भरकर सीबीगंज स्थित सुपीरियर फैक्ट्री में उतारने आया था। शुक्रवार रात में उसका ट्रक एक मॉल के सामने रामपुर रोड किनारे खड़ा था। वह केबिन में सो रहा था। इसी दौरान दो स्कूटी से चार लोग आए और उन्होंने उससे 100 रुपये ट्रक खड़ा करने के बदले में मांगे। उसने पैसे देने से मना किया तो गालीगलौज की। इस बाद वह अपना ट्रक लेकर फैक्ट्री गेट पर पहुंचा तो पीछे से आए चारों युवकों ने पहले उसके ट्रक की केबिन का शीशा तोड़ा फिर ट्रक से नीचे खींच कर उसकी जमकर पिटाई की। उसके बाद उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। उसके बाद सुनसान स्थान पर ले गए।

चालक के शोर मचाने पर गार्ड पीछे से दौड़े और उसे छुड़ा ले आए। चालक ने बताया अब यह लोग रंगदारी न देने पर उसके भाई को फोन कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उधर एक अन्य ट्रक चालक मोहम्मद हनीफ निवासी कबरा किशनपुर शेरगढ़ का कहना है कि वह भी मक्का उतारने फैक्ट्री आया था, उससे भी पैसे मांगे और न देने पर उसके साथ भी मारपीट की।

आवश्यकता है
● मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव) ● नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
● आयुर्वेदिक परिचारिका ● OT टेक्निशियन
● वार्ड ब्यॉय ● ड्राइवर (मल्टीपर्पज) ● कैंटीन कुक
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड बरेली
मोः +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विनोद कुमार को उनके गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। रामकुमार पुत्र रामेश्वर दयाल भीरा जनपद खीरी लखीमपुर

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2025 को थाना बिजौरिया रेलवे स्टेशन पर मेरी इण्टर का अंकपत्र अनुक्रमांक 0658503 व हाईस्कूल का अंकपत्र अनुक्रमांक 0882722 वास्तव में कहीं खो गये हैं। जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। मो. जफर पुत्र रिफाकत हुसैन निवासी ग्राम रिछौला किफायतुल्ला थाना व तह. नवाबगंज, बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक विलेख दिनांक 20.02.2012 बुक सं. 1 वॉल्यूम संख्या 5192 पृष्ठ सं. 359 से 382 तक क्रमांक 2473 जोकि अजय कुमार अग्रवाल पुत्र नरेन्द्र देव अग्रवाल से खरीदी गई थी जो श्रीमती आशा आर्य पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र आर्य के नाम है वास्तव में कहीं खो गये हैं। यश कुमार पुत्र श्री योगेद्र सिंह निवासी मकान सं. 8 बिहारमान नगला, मुंशी नगर, बरेली। मो. 7500589999

आवश्यकता है
The Glamour Beauty Parlour
में फुल-टाइम लेडी ब्यूटीशियन की आवश्यकता है।
वेतनः योग्यता अनुसार
स्थान : Max City, Grass Mandi, Nakatiya
Full time 10-7 PM
संपर्क करें :-
6399667666, 8445819999

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

